

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 261

ग्वालियर, सोमवार, 15 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### सीबीआई और ईडी के डायरेक्टर्स का कार्यकाल 5 साल तक बढ़ाया जा सकेगा

**नई दिल्ली।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) और इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) के डायरेक्टर्स का कार्यकाल अब 5 साल तक बढ़ाया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए अध्यादेश जारी किया है। मौजूदा समय में केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों का कार्यकाल 2 साल का होता है। अभी तक दोनों केंद्रीय एजेंसियों के निदेशों का कार्यकाल 2 साल तक के लिए तय होता है। कुछ अपवादों को छोड़कर कार्यकाल खत्म होने से पहले उन्हें हटाया नहीं जा सकता है। सरकार कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा भी सकती है। पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार ने ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया था। मिश्रा का 1 साल का कार्यकाल नवंबर 2020 में खत्म हो गया था।

### तालाब में गिरी कार बिहार के 4 लोगों की चली गई जान

**नई दिल्ली।** दक्षिणी नेपाल में भारत से सटे इलाके रौतहट में एक वाहन के तालाब में गिर जाने से 4 भारतीयों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस सूत्रों का कहना है कि वाहन का चालक और इसमें सवार लोग संभवत नशे में थे। रौतहट जिले के एसपी बिनोद घिमिरे ने बताया कि मारे गए सभी लोग बिहार के रहने वाले थे, जिनकी पहचान दिनानाथ साह (25), अरुण साह (30), दिलीप महतो (28) और अमित महतो (27) के रूप में हुई है। यमुनामई ग्रामीण नगर निगम के तहत गौर-चंद्रपुर रोड पर चाक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार तालाब में जा गिरी। सुरक्षाकर्मियों ने कार विंडशील्ड को तोड़कर लोगों को निकालने की कोशिश की लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

### सोनू सूद की बहन मालविका को नवजोत कौर का निमंत्रण, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो

**चंडीगढ।** फिल्म अभिनेता सोनू सूद के अपनी बहन को सियासत में उतारने के ऐलान के बाद पंजाब की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रेसवार्ता कर सोनू सूद ने अपनी बहन मालविका के सियासत में उतरने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी तक वह किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगी यह तय नहीं है। इस पर नवजोत कौर सिद्धू ने मालविका को अपनी पार्टी में आने का न्यौता दिया है। जानकारी के अनुसार नवजोत ने कहा कि अगर सोनू सूद अपनी बहन को कांग्रेस पार्टी में शामिल करते हैं,तब कांग्रेस पार्टी का काफी फायदा होगा।

### जनजातीय कला, संस्कृति के क्षेत्र में कार्य के लिए राजा संग्राम शाह पुरस्कार की घोषणा

# जनजातीय भाई-बहनों को अधिकार संपन्न बनाने और उनके विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनजातीय भाई-बहनों को अधिकार संपन्न बनाने और उनके विकास में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। जनजातीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रतिवर्ष राजा संग्राम शाह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार में पाँच लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राजा संग्राम शाह ने जनजातीय समुदाय के 52 गढ़ों पर शासन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय नायकों की नवनिर्मित वीथिका का लोकार्पण करने के बाद जनजातीय कला समुदाय के साथ संवाद कर रहे थे।

**जनजातीय समुदाय की विरासत, वीरता और बलिदान से भरी है:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनजातीय कलाकारों का भोपाल में स्वागत करते हुए कहा कि भोपाल और मध्यप्रदेश आज जनजातीय रंग में रंगा है। हमारी संस्कृति, कला, नृत्य परंपराएँ अद्भुत हैं। जनजातीय समाज अपने आनंद और मस्ती में जीवन को जीता है, यह इस समाज की विशेषता है। आप लोग भोपाल जनजातीय गौरव दिवस पर आए हैं। जनजातीय गौरव दिवस का अर्थ है हम योद्धा भी हैं। जनजातीय वीरों ने भारत माता के पैरों से गुलामी की बेड़ियाँ काटने के लिए अपने खून की अंतिम बूंद तक अर्पित की है। बिरसा भगवान, टंट्या मामा, राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह, भीमा नायक जैसे अनेक योद्धाओं ने अंग्रेजों को ललकारा। जनजातीय वीरों का अंग्रेजों के मन में भय रहा। हमारी विरासत वीरता और बलिदान से भरी है। राजा संग्राम शाह, दलपत शाह, रानी दुर्गावती और भोपाल की रानी कमलापति का योगदान भुलाया नहीं जा सकता।

**रानी कमलापति के बलिदान को हम भुला नहीं सकते:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह संपूर्ण क्षेत्र



गोंडवाना था। गिन्नौरगढ़ से लेकर गढ़ा मंडला तक गोंडों का राज्य था। जनजातीय समुदाय के 52 गढ़ हुआ करते थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गिन्नौरगढ़ में निजाम शाह राज करते थे। उनकी पत्नी का नाम था कमलापति। बाहरी सेनापति दोस्त मोहम्मद ने छल और कपट से यह क्षेत्र जीता। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रानी कमलापति जल प्रबंधन में निपुण थी, उन्होंने कई बावड़ियाँ, पार्क, मंदिर, तालाब आदि का निर्माण कराया था। वह जनता की समस्याओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील थी।

रानी के बेटे नवल शाह ने 14 साल की उम्र में लालघाटी पर लड़ाई लड़ी थी। जब नवल शाह हार गए, युद्ध में मारे गए और रानी को यह विचार आ गया कि अब जीत नहीं सकते, तो उन्होंने अपने सम्मान की रक्षा के लिए छोटे तालाब में जल समाधि ले ली। रानी कमलापति द्वारा जल जौहर किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रानी कमलापति के बलिदान को हम भुला नहीं सकते। उन्होंने सम्मान की खातिर अपने प्राण दे दिए। रानी कमलापति ने जीते जी अपने राज्य पर बाहरी आक्रांताओं को कब्जा नहीं करने दिया।

**जनजातीय योद्धा भुला दिए गए:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इतिहास ने रानी कमलापति को भुला दिया था। जनजातीय योद्धा भुला दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि उनकी पहल पर हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वीकार किया है। हम उनके आभारी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रानी कमलापति के नाम को अमर कर दिया।


**जनजातीय योद्धाओं के स्मारक स्थापित किए जा रहे हैं:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि छिंदवाड़ा में बने विश्वविद्यालय का नाम शंकर शाह-रघुनाथ शाह विश्वविद्यालय रखा गया है। हमारे जितने जनजातीय योद्धा हैं, उनके स्मारक स्थापित किए जा रहे हैं। टंट्या मामा का खंडवा जिले में, भीमा नायक का बड़वानी जिले में स्मारक स्थापित किया गया है। रघुनाथ शाह-शंकर शाह के नाम पर जबलपुर में स्मारक की स्थापना हो रही है। छिंदवाड़ा में जनजातीय संग्रहालय बन रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में बने जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय समुदाय की सभी परंपराओं, संस्कृति को सजा-सँवार कर रखा गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। यह जनजातीय वीरों को प्रणाम करने का अवसर है। हमारी कला, संस्कृति, परंपराओं को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

# खुर्शीद ने अपनी विवादित किताब में बताया, बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद मंत्रिपरिषद में क्या हुआ

**नई दिल्ली।** कांग्रेसिसी वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अपनी किताब 'सनराइज ओवर अयोध्या- नेशनहुड इन आवर टाइम्स' में देश के कई राजनीतिक और सामाजिक पहलुओं पर चर्चा की गई है। एक किस्से के बारे में उन्होंने अपनी विवादित किताब में बताया कि जब 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के अगले दिन केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में क्या हुआ था।उन्होंने बताया कि बैठक में भाग लेने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव भी पहुंचे। बैठक में मौजूद मंत्रियों ने नरसिम्हा राव को यह बताने की कोशिश की कि वह उनके लिए कैसा महसूस करते हैं,तब इसके जवाब में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने कहा कि मैं चाहतू हूं कि आप लोग 'कृपया मुझे अपनी सहानुभूति दें।खुर्शीद ने अपनी किताब में लिखा कि बाबरी मस्जिद का टूटना हम



सभी के लिए एक अकल्पनीय घटना थी।लेकिन, इसका झटका धीरे-धीरे शून्यता में बदल गया। उन्होंने लिखा कि विध्वंस रविवार को हुआ था और अगले दिन 7 दिसंबर को संसद भवन के भूतल के एक कमरे में भीड़ इकट्ठा हुई। वहां सब लोग उदास थे, पूरी सभा में उदासी छाई हुई थी। खुर्शीद ने लिखा कि यह एक ऐसी घटना थी कि कैबिनेट में अधिकांश लोगों के पास कहने के लिए कुछ नहीं था।इतने में वहां मौजूद माधव राव सिंधिया ने कहा कि आप सब लोग प्रधानमंत्री के नरसिम्हा राव के लिए कैसा महसूस करते हैं।परेशान पीएम ने लोगों को तब हैरान कर दिया जब उन्होंने लोगों की तरफ से कही बात के जवाब में कहा कि आप लोग मेरे पास अपनी सहानुभूति छोड़ दें।खुर्शीद कहते हैं कि राव के इस रिपॉन्स के बाद भी वे कहते हैं कि इस विषय पर चर्चा करने का कोई मौका नहीं था और इसके बाद बैठक समाप्त हो गई। खुर्शीद ने अपनी किताब में बताया कि घटना के बाद यूपी की कल्याण सिंह की सरकार को 6 दिसंबर को ही बर्खास्त कर दिया गया था। और उसके एक हफ्ते बाद हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की सरकारों को भी कैबिनेट की सलाह के बाद बर्खास्त कर दिया गया था।खुर्शीद लिखते हैं, कि 6 दिसंबर की रात, वह और कुछ अन्य युवा मंत्री, 'राजेश पायलट के आवास पर जायजा लेने के लिए एकत्र हुए, और फिर सीके जाफर शरीफ के पास गए।







# बीएसपी सुप्रीमो मायावती की मां के निधन पर सांत्वना देने पहुंची प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** दलितों की मसीहा कहलाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती की मां का निधन शनिवार को हो गया था। इस दुक की घड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात की। प्रियंका गांधी रविवार को मायावती के दिल्ली आवास पर उनकी मां के निधन पर सांत्वना देने पहुंची थीं। प्रियंका गांधी की मायावती से मुलाकात के दौरान बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र भी मौजूद थे। इससे पहले प्रियंका गांधी ने ट्वीट में लिखा था कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी की माता जी रामरती जी के निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को कष्ट सहने का साहस दें। शांति। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की मां रामरती का शनिवार को दिल्ली में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बसपा अध्यक्ष की मां के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और बसपा के नेताओं ने शोक जताया था। बसपा की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया था कि कि 92 वर्षीय रामरती की राष्ट्रीय राजधानी के एक अस्पताल में मौत हो गई जहां उनका इलाज चल रहा था। बसपा अध्यक्ष अपनी मां के निधन की सूचना मिलने के तुरंत बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गई थीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा प्र की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती जी की पूज्य माताजी श्रीमती रामरती जी का निधन अत्यंत दुखद है।




## न्यूज़ ट्रैक....

### द्रविड़ पहले टी20 के लिए जयपुर पहुंचे

**जयपुर** । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड जयपुर पहुंच गये हैं। यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 नवंबर से भारतीय टीम पहला टी20 मैच खेलेगी। द्रविड यहां अकेले ही पहुंचे क्योंकि बीसीसीआई अभी तक उनके सहयोगी स्टाफ की घोषणा नहीं कर पाया है। जयपुर में भारतीय टीम नए कप्तान रोहित शर्मा और नए कोच द्रविड़ के मार्गदर्शन में उतरेगी। वहीं नए गेंदबाजी और फील्डिंग कोच की घोषणा बीसीसीआई शीघ्र करने वाली है। ये दोनो ही शनिवार को जयपुर में द्रविड़ की टीम से जुड़ेंगे। अब तक की जानकारी के अनुसार पारस म्हाब्रे को गेंदबाजी कोच जबकि टी दिलीप को फील्डिंग कोच के तौर पर रखा गया है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि द्रविड़ फील्डिंग कोच के रूप में अपने अभय शर्मा को चाहते थे, मगर सीएसी ने टी दिलीप को पसंद किया क्योंकि वह श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए भारतीय टीम के युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, हर्षल पटेल, आवेश खान, वेंकटेश अय्यर और मोहम्मद सिराज पहले ही जयपुर पहुंच गये हैं जबकि अन्य खिलाड़ी 13 नवंबर तक यहां पहुंचेंगे।

### आयरलैंड दौरे में केवल एकदिवसीय मैच ही खेलेगी बांग्लादेश : बीसीबी

**ढाका** । बांग्लादेश क्रिकेट टीम अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को देखते हुए आगामी आयरलैंड दौरे में दौरान केवल तीन एकदिवसीय मैच ही खेलेगी। वहीं इससे पहले बांग्लादेश के मई 2020 में आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और चार टी-20 मैच भी खेलने की उम्मीद थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) बीसीबी और क्रिकेट आयरलैंड ने इस शेड्यूल को पुन तय किया और दोनों बोर्ड द्वारा तैयार और सहमत मसौदे के अनुसार अब बंगलादेश के केवल तीन एकदिवसीय मैचों में भाग लेने की उम्मीद है, जबकि 2023 में उपलब्ध विंडो के दौरान वह चार टी-20 खेल सकता है। बीसीबी के एक अधिकारी ने कहा है कि हमने मई में आयरलैंड के खिलाफ केवल एकदिवसीय मैच खेलने का फैसला किया है, जबकि हम 2023 में उपयुक्त समय में चार टी-20 मैच खेलेंगे। हमें आयरलैंड दौरे से पहले श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मिली है, जबकि आयरलैंड में अपना दौरा पूरा करने के बाद हमारे वेस्ट इंडीज का दौरा करने की उम्मीद है और इसलिए हमने मई 2022 में आयरलैंड दौरे से टी-20 को हटाने का फैसला किया है। विश्व टेस्ट श्रृंखला के दूसरे चक्र के अनुसार श्रीलंका को मई 2022 में बंगलादेश के खिलाफ उसी के घर पर दो टेस्ट मैच खेलने हैं।

### ऋतुराज को टीम से शामिल किये जाने से उत्साहित हैं गावस्कर

**मुम्बई** । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को टीम में जगह दिये जाने से खुश हैं। बीसीसीआई ने वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देने के लिए कई युवा खिलाड़ियों को जिस प्रकार अवसर दिया है उसपर गावस्कर ने खुशी व्यक्त की है। टीम में ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा युवा वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, हर्षल पटेल को भी जगह मिली है। ऋतुराज ने आईपीएल 2021 (द्धक्क 2021) में शानदार बल्लेबाजी की थी और उनके प्रदर्शन के बल पर ही महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स खिताब जीतने में सफल रही थी। ऋतुराज के प्रवेश से गावस्कर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह बल्लेबाज भविष्य में भारतीय टीम का बेहतर बल्लेबाज बनेगा।

**प्रदेशभर के 450 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया स्पर्धा में भाग**

# रोलर स्केटिंग की राज्य स्पर्धा में भोपाल बना ओवरऑल चैंपियन



**इन्दौर** । शहर में आयोजित राज्य रोलर स्केटिंग स्पर्धा में भोपाल ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में निर्मित अंतराष्ट्रीय स्तर के वेलोड्रम में प्रदेशभर के करीब 450 से अधिक खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मप्र ओलंपिक संगठन के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने एमरल्ड हाइट्स स्कूल के संचालक मुक्तेश सिंह की अध्यक्षता में किया। इस दौरान प्राचार्य सिध्दार्थ सिंह, सुखबीर सिंह, अशोक भरुका, नागेश व्यास भी मौजूद थे। संचालन खेल अधिकारी अकरम खान ने किया।

स्पर्धा के अंतिम दिन रिंक वन लेप वन क्वाड में बालक 5-7 वर्ष आयु वर्ग में आरव राज (ग्वालियर), अद्वैत कुमार त्रिपाठी (भोपाल), मोहम्मद हंजला (भोपाल), बालिका वर्ग में ध्रवी चौधरी (कटनी), प्रिक्षा नाहटा (मंदसौर), तन्वी दत्ता (भोपाल), बालक 7-9 वर्ष आयु वर्ग में अवनीश पटेल (भोपाल), विराट चौधरी (मंदसौर), प्रजोद्री कौमा (कटनी), बालिका वर्ग में आराध्य तिवारी (होशंगाबाद), निधि पांडे (इन्दौर), मान्या (भोपाल), बालक अंडर-9-11 आयु वर्ग में अक्षत मिश्रा (ग्वालियर), दिव्यांश लागवान (भोपाल), अरुणोदय राज (जबलपुर) तथा बालिका वर्ग में देवांशी मनोज (भोपाल), राधा माहेश्वरी (भोपाल), इनाया देवानी (मंदसौर) शीर्ष तीन में रहे।

इसी तरह 1000 मीटर रिंक-4 इनलाइन बालक 5-7 वर्ष आयु वर्ग में अद्वैत यादव (रतलाम), बालिका वर्ग में मायरा पालीवाल (इन्दौर), आयलिश स्मार्ट (मंदसौर), 7-9 वर्ष आयु वर्ग बालक में रुद्रप्रताप सिंह भदौरिया (इन्दौर), सिध्दार्थ नरे (इन्दौर), कबीर पटेल (रतलाम), बालिका वर्ग में शुभिता मोदी (इन्दौर), रुही सोम (रतलाम), रिंक वन लेप वन इनलाइन बालक 9-11 आयु वर्ग में कपीश मोदी (इन्दौर), लक्ष्य बंसल (इन्दौर), गर्व मोंगिया (रतलाम), बालिका वर्ग में वैदेही सिंह (ग्वालियर), ख्याति पारडे (भोपाल), विदुला शर्मा (बुरहानपुर) ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# राष्ट्रपति ने खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

**नई दिल्ली** । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने ओलंपिक भाला फेंक में स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा, ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया, महिला क्रिकेटर मिताली राज, पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर गोलकीपर पी आर श्रीजेश और कप्तान मनप्रीत सिंह साथ ही 11 खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किये हालांकि कृष्णा नागर इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये। इसके अलावा क्रिकेटर शिखर धवन सहित 35 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। 10 कोच को भी द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों की सूची

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार:** नीरज चोपड़ा (एथलेटिक्स), रवि कुमार (कुश्ती), लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाजी), पीआर श्रीजेश (हॉकी), अवनि लेखारा (पैरा शूटिंग), सुमित अंतिल (पैरा एथलेटिक्स), प्रमोद भगत (पैरा बैडमिंटन), कृष्णा नागर (पैरा बैडमिंटन), मनीष नरवाल (पैरा शूटिंग), मिताली राज (क्रिकेट), सुनील छेत्री (फुटबॉल), मनप्रीत सिंह (हॉकी).

**अर्जुन पुरस्कार:** अरपिंदर सिंह (एथलेटिक्स), सिमरनजीत कौर (मुक्केबाजी), शिखर धवन (क्रिकेट), सीए भवानी देवी (तलवारबाजी), मोनिका (हॉकी), वंदना कटारिया (हॉकी), संदीप नरवाल (कबड्डी), हिमानी उत्तम परब (मल्लखंब), अभिषेक वर्मा (निशानेबाजी), अंकिता रैना (टेनिस), दीपक पूनिया (कुश्ती), दिलप्रीत सिंह , हॉकी में हरमनप्रीत सिंह , रूपिंदर पाल सिंह , सुरेंद्र कुमार , अमित रोहिदास , बीरेंद्र लाकड़ा , सुमित , नीलकांत शर्मा , हार्दिक सिंह , विवेक सागर प्रसाद , गुरजंत सिंह , मनदीप सिंह, शमशेर सिंह , ललित कुमार उपाध्याय , वरुण कुमार , सिमरनजीत सिंह , योगेश कथूनिया (पैरा एथलेटिक्स), निषाद कुमार (पैरा एथलेटिक्स), प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स), सुहाश यतिराज (पैरा बैडमिंटन), सिंहराज अधाना (पैरा निशानेबाजी), भावना पटेल (पैरा टेबल टेनिस), हरविंदर सिंह (पैरा तीरंदाजी) और शरद कुमार (पैरा एथलेटिक्स)।

द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम कैटेगरी): टीपी ओसेफ (एथलेटिक्स), सरकार तलवार (क्रिकेट), सरपाल सिंह (हॉकी), अशन कुमार (कबड्डी), तपन कुमार पैनगढ़ी (स्विमिंग)। द्रोणाचार्य अवॉर्ड (रेगुलर कैटेगरी): राधाकृष्ण नायर पी (एथलेटिक्स), संध्या गुरुंग (बॉक्सिंग), प्रितम सिवच (हॉकी), जय प्रकाश नौटियाल (पैरा शूटिंग), सुब्रहमनियन रमन (टेबल टेनिस)।

# राज्य रैंकिंग टेबल-टेनिस स्पर्धा में पंकज विश्वकर्मा व सारवी बिस्ट बने राज्य विजेता



**झाबुआ/इन्दौर** । म.प्र. टेबल टेनिस एसोसिएशन तथा झाबुआ जिला टेबल टेनिस संगठन के संयुक्त तत्वावधान में झाबुआ के गेल टाउनशिन हॉल में खेली गई पहली राज्य रैंकिंग स्पर्धा का पुरूष एकल वर्ग का खिताब इन्दौर के पंकज विश्वकर्मा ने जीत लिया। महिला वर्ग में इन्दौर की ही सारवी बिस्ट विजयी रही। स्पर्धा में 20 जिलो के 250 से ज्यादा खिलाड़ड़ियों ने भाग लिया।

पुरूष एकल वर्ग के फायनल में पंकज विश्वकर्मा ने इन्दौर के ही अंश गोयल को 4-0 से पराजित किया। महिला वर्ग के खिताबी मुकाबलें में सारवी बिस्ट ने नृसिंहपुर की अरू वैष्णव को कड़े संघर्ष के बाद 4-3 से मात दी। सारवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पर्धा में तीन खिताब जीते। महिला वर्ग के साथ ही सारवी ने यूथ गर्ल्स में इन्दौर की पूर्वांशी कोटिया को तथा जूनियर गर्ल्स फायनल में भोपाल की परमी नागदेव को मात दी। यूथ बालक वर्ग में अंश गोयल ने चेतन्य करोड़े को, जूनियर बालक वर्ग में अनुज सोनी ने चेतन्य करोड़े को, सबजूनियर बालक वर्ग में यश दुबे ने रचित जैन को, सबजूनियर गर्ल्स में परमी नागदेव ने सौम्या सुल्तान को, केडेट बालक वर्ग में नैतिक करंदीकर ने लक्ष्य ओझा को तथा केडेट बालिका वर्ग में परमी ने पुनः सौम्या सुल्तान को शिकस्त देकर खिताबी सफलता अर्जित की।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण सांसद गुमानसिंह डामोर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष ओम सोनी ने की। इस अवसर पर नीलेश वेद, झाबुआ जिला टे.टे. संगठन के अध्यक्ष राजेश सिंह गौतम, गौरव पटेल, आर.सी. मौर्या तथा संजय मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन झाबुआ

## व्यापार न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय मेले में लगेंगे पौष्टिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल

**नई दिल्ली** । इस साल भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आयुष मंत्रालय के स्टॉल में पौष्टिक गुणों से भरपूर खाद्य पदार्थ मुख्य आकर्षण होंगे। ये खाद्य पदार्थ मधुमेह, मोटापे, पुराने दर्द और एनीमिया के रोगियों के लिए लाभप्रद हैं। पौष्टिक गुणों से लैस खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) मुख्य रूप से खाद्य स्रोतों से मिलते हैं, जिनमें अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ विशेष पोषण तत्व भी होते हैं। एक साल के अंतराल के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) का आयोजन 14-27 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में किया जा रहा है, जिसकी थीम आत्मनिर्भर भारत है। अधिकारियों के अनुसार व्यापार मेले में आयुष की विभिन्न विधाओं जैसे होम्योपैथी, आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा के अलग-अलग काउंटर होंगे। स्टॉल में इन विधाओं के चिकित्सक नि:शुल्क परामर्श भी देंगे।

### रूट मोबाइल ने 868 करोड़ के शेयर आवंटित किए

**नई दिल्ली** । रूट मोबाइल लिमिटेड की फंड जुटाने वाली समिति ने योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 867.5 करोड़ रुपए के 46.84 लाख से अधिक इक्विटी शेयरों के निर्गम और आवंटन को मंजूरी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि समिति ने क्यूआईबी को 1,852 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (प्रति इक्विटी शेयर 1,842 रुपए के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 46,84,116 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि इसमें 1,949.24 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 4.99 प्रतिशत की छूट को ध्यान में रखा गया है, जो कुल मिलाकर 867.50 करोड़ रुपए है। कंपनी का क्यूआईपी 12 नवंबर को बंद हुआ था।

### मारुति सोनीपत में नया संयंत्र लगाएगी

**चंडीगढ़** । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को कहा कि वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी को सोनीपत के खरखोदा इलाके में 900 एकड़ से अधिक भूमि पर एक नया संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी दे दी गई है।खट्टर ने हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन केंद्र की बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान यहां यह जानकारी दी।खट्टर ने यहां एक आधिकारिक बयान में कहा ?कि सोनीपत के खरखोदा इलाके में करीब 900 एकड़ जमीन पर मारुति का नया संयंत्र लगाने की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे मारुति का उत्पादन और बढ़ेगा, जिससे राज्य में ऑटोमोबाइल क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

(कोलकाता) जीआरएसई का मुनाफा 56 प्रतिशत बढ़कर 58 करोड़ हुआ

कोलकाता (ईएमएस)। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 56 प्रतिशत बढ़कर 58.79 करोड़ रुपए हो गया। युद्धपोत निर्माता इस कंपनी ने एक साल पहले की अवधि में 37.69 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान कंपनी को परिचालन से होने वाली आय 421.8 करोड़ रुपए थी, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 272.44 करोड़ रुपए थी। कंपनी का ईबीआईटीडीए 91.13 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 59.99 करोड़ रुपए थी। 30 सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) एक साल पहले की अवधि में 3.29 रुपए की तुलना में 5.13 रुपए रही। इस साल 30 सितंबर तक रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले इस सार्वजनिक उपक्रम के पास 25,071 करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक हैं।

### मोटो जी31 के रेंडर्स ऑनलाइन हुए लीक

नई दिल्ली । जानीमानी कंपनी मोटोरोला के मोटो जी31 फोन में पंच-होल डिस्प्ले दिया जा सकता है। इसमें ट्रिपल रियर कैमरा दिया जा सकता है।यह एक बजट स्मार्टफोन हो सकता है। फोन में रियर माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिए जाने की भी उम्मीद है। यह फोन मोटो जी30 का सक्सेसर मॉडल होगा। इस हैंडसेट को ताइवान की नेशनल कम्यूनिकेशन कमीशन पर लिस्ट किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मोटो जी31 को ब्लैक और ब्लू कलर में लॉन्च किया जाएगा। यहां पर इसका मॉडल नंबरएक्सटी2173-2 लिस्ट किया गया है। इसमें पंच-होल डिस्प्ले दिया जा सकता है।

# अमेजान देगा देश के 14 शहरों में फल और सब्जियां, फ्रोजन और चिल्ड प्रोडक्ट्स



**नई दिल्ली** । अमेरिकी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजान ने अपने ग्रोसरी स्टोर फ्रेश एंड पैंट्री का इंटिग्रेशन सिंगल यूनीफाइड स्टोर अमेजान फ्रेश में करने की घोषणा की है। ऐमजॉन फ्रेश देश के टॉप 14 शहरों में फल और सब्जियां, फ्रोजन और चिल्ड प्रोडक्ट्स जैसे डेयरी और मीट, ड्राई ग्रोसरी आइटम्स, ब्यूटी, बेबी, पर्सनल केयर, और पेट प्रोडक्ट्स के चयन की पेशकश करेगा। इन शहरों में उपभोक्ता सुबह 6 बजे से मध्यरात्रि तक दो-घंटे के डिलीवरी स्लॉट का भी आनंद उठा सकते है। भारत में 300 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध नया स्टोर एक सिंगल ऑनलाइन डेस्टीनेशन के रूप में उपभोक्ताओं को बेजोड़ बचत, उत्पादों का विस्तृत चयन, और तेज एवं सुविधाजनक डिलिवरी विकल्प की निरंतर पेशकश जारी रखेगा।उपभोक्ताओं के लिए यह पहल 'प्रत्येक चीज' और 'प्रतिदिन' स्टोर बनने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

उन्होंने कहा कि एकीकरण का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर ऑनलाइन खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराने पर केंद्रित हैं। इस लांच ने हमें हमारे डेडिकेटेड अमेजान फ्रेश एप-इन-एप अनुभव के माध्यम से ग्रोसरी के लिए खरीदारी अनुभव को आसान बनाने में सक्षम बनाया है।बचत की पेशकश के अलावा, ऐमजॉन फ्रेश किराने की ऑनलाइन खरीदारी के लिए बाधाओं को भी कम करेगा। ऐमजॉन फ्रेश देश के टॉप 14 शहरों (बेंगलुरु, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा, अहमदाबाद, मैसूर, जयपुर, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता) में फल और सब्जियां, फ्रोजन और चिल्ड प्रोडक्ट्स जैसे डेयरी और मीट, ड्राई ग्रोसरी आइटम्स, ब्यूटी, बेबी, पर्सनल केयर, और पेट प्रोडक्ट्स के चयन की पेशकश करेगा। एमेजॉन डॉट इन पर लगभग 65 प्रतिशत ऑर्डर और 85 प्रतिशत से अधिक नए ग्राहक टियर 2 और 3 शहरों से हैं।भुवनेश्वर, पटना और लखनऊ जैसे शीर्ष शहरों में, हमने महामारी के बाद ऑनलाइन किराने की खरीदारी के लिए बहुत कुछ देखा है। हम नए ग्राहकों को अपनाने में और तेजी लाने के लिए इन शहरों में अपनी उपस्थिति और सेवा की गुणवत्ता पर निर्माण करना जारी

## दुबई एक्सपो के इंडिया पवेलियन को तीन लाख लोगों ने देखा

**नई दिल्ली** । संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे दुबई एक्सपो के इंडिया पवेलियन को 12 नवंबर तक तीन लाख लोग देख चुके है,इसके बाद यह सबसे अधिक देखने वाले पवेलियन में से एक के रूप में उभर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर लिखा, ÷इतनी संख्या में लोगों का पहुंचना नए भारत की जबरदस्त क्षमता का पता लगाने के लिए वैश्विक जिज्ञासा को दिखाता है। गोयल ने एक अक्टूबर को दुबई एक्सपो में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया था। दुबई में एक्सपो में भारत के उपायुक्त अमन पुरी ने कहा कि भारत के पवेलियन में लोगों की भारी दिलचस्पी भारत की ताकत और अवसरों पर विश्वास का संकेत है। उन्होंने कहा, दुबई एक्सपो में भारत के पवेलियन का अबतक 31 देशों के प्रतिनिधि मंडलों सहित 175 प्रसिद्ध लोगों ने दौरा किया है। साथ ही पवेलियन में अबतक व्यापार से सरकार (बी2जी) और सरकार से सरकार (जी2जी) के बीच 199 बैठकें हुई है। उन्होंने कहा कि बड़े संतोष की बात है कि एक्सपो में 15 विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारत की स्टार्टअप कंपनियों के लिए वित्त पोषण की भी प्रतिबद्धता जताई है।

# एस्टर डीएम हेल्थकेयर अगले साल भारत में 900 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली** । एस्टर डीएम हेल्थकेयर की भारत में कारोबार बढ़ाने के लिए अगले तीन साल में लगभग 900 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी से यह जानकारी मिली। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के संस्थापक चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आजाद मूपेन ने कहा कि कंपनी का 2025 तक अपने कुल कारोबार में से 40 प्रतिशत भारत से हासिल करने का लक्ष्य है। सितंबर में समाप्त तिमाही में कंपनी का मुनाफा तीन गुना उछाल के साथ 127.62 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,504.34 करोड़ रुपए रही।

पिछली कुछ तिमाहियों या पिछले एक साल के दौरान हम भारत में आक्रामक रणनीति अपना रहे हैं। भारत एक बड़ी संभावनाओं वाला बाजार है और यहां मांग और आपूर्ति में काफी अंतर है। ऐसे में भारत हमारे लिए दीर्घावधि की वृद्धि वाले बाजारों में से है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में कारोबार कर रही है, लेकिन वह यहां अपनी वृद्धि की रफ्तार बढ़ाना चाहती है। अभी हमारे कारोबार का 25 प्रतिशत भारत से मिल रहा है। हमारा इसे 40 प्रतिशत या और अधिक करने का लक्ष्य है। हमें उम्मीद है कि 2025 तक हम इसे 40 प्रतिशत तक कर पाएंगे। निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम अगले तीन साल भारत में प्रत्येक वर्ष 280 से 300 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। यदि 300 करोड़ रुपए को लिया जाए, तो तीन साल में हम यहां 900 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे।

# सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ बढ़ा



**नई दिल्ली** । बीते सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंप?नियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,383.07 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ोतरी में सबसे अधिक योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 619.07 अंक के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई, वहीं एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर ?लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 59,437.12 करोड़ रुपए के उछाल से 16,44,511.70 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 29,690.9 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 7,48,580.98 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी का मूल्यांकन 17,187 करोड़ रुपए के लाभ से 5,41,557.77 करोड़ रुपए और टीसीएस का 5,715.04 करोड़ रुपए के उछाल से 13,03,730.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसी तरह कोटक महिंद्रा बैंक की बाजार हैसियत 3,301.84 करोड़ रुपए बढ़कर 4,11,183.32 करोड़ रुपए और बजाज फाइनेंस की 3,051.17 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,57,355.51 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के उलट सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,545.39 करोड़ रुपए घटकर 8,60,436.44 करोड़ रुपए रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 17,135.26 करोड़ रुपए घटकर 4,56,270.76 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 3,912.07 करोड़ रुपए घटकर 5,65,546.62 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का 3,810.99 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 5,39,016.40 करोड़ रुपए रह गया।

# कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई स्वतंत्र भारत की नींव रखने वाले पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

### जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने दिलाई एक दर्जन से अधिक बालको को बाल कांग्रेश संगठन में सदस्यता



**भिण्ड।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने बाल कांग्रेस का शुभारंभ किया। इसकी स्थापना के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री बाला बच्चन को बाल कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य और बाल कांग्रेस के प्रभारी पूर्व मंत्री बाला बच्चन की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभाकक्ष में रविवार को बाल कांग्रेस संगठन का शुभांरभ किया।इस अवसर पर कमलनाथ ने 16 से 20 वर्ष की आयु के युवाओं को बाल कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्र भारत की नीव रखने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री,बाल हितेषी,नेहरु चाचा के नाम से विश्व विख्यात पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई। बता दें कि दुनिया भर में बाल दिवस अलग अलग तिथियों को मनाया जाता है।लेकिन भारत में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन, 14 नवंबर, को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था।और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे।कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने एक दर्जन से अधिक बालकों को बाल कांग्रेस संगठन में सदस्यता दिलाई।उन्हें बाल कांग्रेस संगठन से जोडकर कांग्रेस संगठन में ''नेता तुम्ही हो कल के'' भविष्य की परिकल्पना और कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला है।बाल कांग्रेस के गठन का उद्देश्य कांग्रेस की मूल विचाराधारा से बताना, देश के विकास में कांग्रेस के योगदान के बारे में जानकारी देना है। पार्टी का मानना है।कि जब बच्चों को कांग्रेस के इतिहास के बारे में जानकारी होगी तो वह सोशल मीडिया पर चलने वाली फर्जी जानकारी को पहचान सकेंगे और दूसरों को सही जानकारी दे सकेंगे। साथ ही कांग्रेस के लिए भविष्य में अच्छे नेता तैयार होंगे।बाल कांग्रेस अगले 1 साल में 5 लाख सदस्य जोड़ेगी। इन सदस्यों की उम्र 16 वर्ष से 20 वर्ष के बीच होगी। बाल कांग्रेस का स्वरूप सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन का होगा।

### बाल कांग्रेस संगठन से बालक जानेंगे कांग्रेस का इतिहास

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस बाल कांग्रेस में बालक कांग्रेस के इतिहास को जानकर उन तमाम झूठे प्रचार का जवाब देने का काम करेंगे।जिसमें 70 साल की नीतियों को अक्सर बहुत ही विकृत तरीके से पेश किया जाता है। बाल कांग्रेस नई पीढ़ी को देश के विकास की सच्ची कहानी से अवगत कराएगी और उन्हें परोसे जा रहे झूठ से आजाद कर आएगी।देश का नौजवान इस समय बेरोजगारी गरीबी और अशिक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। देश का मौजूदा नेतृत्व इन सारे प्रश्नों को हल करने में नाकाम है और सिर्फ सांप्रदायिक आधार पर देश को विभाजित करने में लगा है। मौजूदा नेतृत्व जानबूझकर नौजवानों को भावनात्मक मुद्दों में भटकाता है। और उन्हें अपने भविष्य का निर्माण करने से रोकता है। इस बाल दिवस के अवसर पर विशाल धाकड़, रोहन शाक्य, नीरज धाकड़, अनुज शाक्य,राज, रिंकू शाक्य, आनंद, शेरू, संदीप, मेवाराम, उमेश बघेल, हरिओम, राहुल, नीरू, चिंकी आदि ने सदस्यता ग्रहण की।



## शिक्षित समाज से ही विकास के द्वार खुलेंगे : भारत सिंह कुशवाहा

**भिण्ड ।** प्रदेश सरकार में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि हमारा समाज ठीक तरह से शिक्षित होगा जो सरकार, समाज और संगठन को समझेगा और शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षित होगा, इससे ही हमारे समाज का विकास होगा और उन्नति की ओर आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं बनाई है जिसका समाज को लाभ लेना चाहिए द्य यह उद्गार उन्होंने एक्टिव युवा कुशवाह महासभा के तृतीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत गार्डन में समाज के युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मैं समाज से जुड़े प्रतिभावान बच्चों को अपने मूल वेतन से 2 माह का वेतन पुरस्कार स्वरूप देता हूं। विकासखंड इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस सिंह भदौरिया की मांग पर मेहगांव विकासखंड के उत्थान का आश्वासन भी दिया और जल्दी ही क्षेत्र को शासन की योजना में शामिल कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि मैं कुशवाहा समाज का हमेशा ऋणी रहूंगा जिन्होंने मुझे विधानसभा उपचुनाव में मेरा साथ देकर क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी सौंपी और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूत करने का काम किया। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कुशवाहा समाज संगठित होकर भाजपा को मजबूती देते हुए शिक्षा के क्षेत्र पर अपने बच्चों को आगे बढ़ाने का काम करें क्योंकि समाज में जो फैली कुरीतियां है उन्हें दूर करने का नेतृत्व हमारे समाज के युवाओं पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर ने मारी कार में टक्कर युवक घायल

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम दीनपुरा में गुड्डू सरपंच के घर के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक ओमनी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 5.30 बजे अनिल पुत्र महेश यादव निवासी ग्राम दीनपुरा थाना देहात ने बताया वह गांव के गुड्डू सरपंच के मकान के सामने से ओमनी कार क्रमांक यूपी75आर0414 से गुजर रहा था, इसी दौरान एक ट्रैक्टर सोनालिका नं. एमपी30एबी7907 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### बबूल का पेड काटने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा क्रॉस मामला दर्ज

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मडैया में कुआ वाले खेत पर एक बबूल का पेड़ खड़ा हुआ था, जिसे एक युवक ने काटा तो विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके बाद दो पक्षों में झगड़ा शुरु हो गया और एक-दूसरे को गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु हो गई और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 6 बजे छोटेलाल सिंह पुत्र स्व. आशाराम बघेल निवासी ग्राम मडैया ने बताया उसी गांव निवासी रामबरनसिंह बघेल, विनोदसिंह बघेल गांव के कुआ के पास खड़े बबूल का पेड़ काट रहे थे जब उसने मना किया तो उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### जुआ खेलते हुए 4 जुआरी गिरफ्तार

**भिण्ड।** बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम लावन में गोडा में चार जुआरी हारजीत का दांव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उक्त जुआरियों को हिरासत में लिया और उनके पास एक ताश की गड्डी सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 4.25 बजे ग्राम लावन में नरेश नरवरिया, बबलू शर्मा, रूपसिंह नरवरिया, सतीश जाटव निवासीगण लावन जो गांव में जुआ खेल रहे थे, सूचना मिलते ही सभी को हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित 3 हजार 340 रुपये की नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### जमीन को लेकर दो भाईयों में हाथापाई

**भिण्ड।** बरोही थाना क्षेत्रान्तर्गत जमीन को लेकर दो सगे भाईयों में गाली-गलौज शुरु होते हुए हाथापाई हो गई और एक दूसरे की जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रवेश सिंह पुत्र छोटेसिंह नरवरिया निवासी महापुर बरोही ने बताया शनिवार सुबह 11.30 बजे प्रतिभानसिंह नरवरिया ने जमीन को लेकर झगड़ा शुरु कर दिया और गाली-गलौज करने लगा।

## जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी किये नियुक्त

### जिला अध्यक्ष ने पांचों विधानसभा के प्रभारी एवं सह प्रभारी को सौंपी जिम्मेदारी

**भिण्ड।** भाजपा की कुरूतियों एवं जन विरोधी नीतियों से जन-जन को अवगत कराने के लिए मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशन में पूरे प्रदेश भर में जनजागरण का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जन जागरण के प्रभारी पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।उसी अभियान को सफल बनाने के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेठी कार्यालय पर रविवार को जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए पांचो विधानसभा में प्रभारी एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारियां सौंपी। इसी क्रम में भिंड विधानसभा की प्रभारी की जिम्मेदारी निश्चल उर्फ बॉबी शर्मा को सौपी गई, वही सह प्रभारी राहुल सिंह कुशवाहा एवं ममता मिश्रा को बनाया गया। लहार विधानसभा में प्रभारी संदीप मिश्रा अध्यक्ष सेवा दल को नियुक्त किया



गया एवं सह प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू भारौली को बनाया गया।अटेर विधानसभा में प्रभारी विवेक पचौरी को बनाया गया वही सह प्रभारी की जिम्मेदारी विनीत उर्फ बंटी शर्मा एवं धर्मेंद्र उर्फ रानू भदौरिया को सौपी गई। गोहद विधानसभा में प्रभारी राजीव कौशिक एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारी कुलदीप गुर्जर, पिंकी उच्चारिया, डॉ.रणवीर यादव को सौंपी गई। मेहगांव में प्रभारी वीरेंद्र यादव को नियुक्त किया गया।वही सह प्रभारी रेखा भदौरिया को बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने जिम्मेदारियां सौंपने के पश्चात सभी को निर्देशित किया कि जन जागरण अभियान को सफ्ल बनाने के लिए प्रयास करें एवं भाजपा की सरकार में बेतहाशा महंगाईए बेरोजगारी किसानों की परेशानी एवं अन्य कई सारे मुद्दों से जन-जन को अवगत कराने का काम करे।

**मौ ब्लॉक से हुई जन जागरण अभियान की शुरुआत:** जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जन जागरण यात्रा शुरू की गई। यह जनजागरण अभियान की शुरुआत देहगांव मंडल के ग्राम महुआरी से की गई जन जागरण यात्रा में मौ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप यादव राजीव कौशिक, रणवीर सिंह यादव, बहादुर सिंह यादव, लोकेंद्र यादव, आकाश यादव, मनोज यादव एवं राकेश यादव आदि ने जनजागरण अभियान को सफल बनाकर लोगों को भाजपा की किसान विरोधी नीतियों से अवगत कराया।

## अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन एवं बाल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का हुआ आयोजन



**भिण्ड ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुनील कुमार दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के कुशल मार्गदर्शन में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन एवं बाल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। उक्त प्रभात फेरी को देवेश शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एम.जे.एस. कॉलेज भिण्ड के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. के.के. रायपुरिया, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय नम्बर, 01 भिण्ड के प्राचार्य पी.एस. चौहान, एन.एस.एस. प्रभारी धीरज गुर्जर, प्रो. आर.ए. शर्मा, विद्यालय के शिक्षिकगण, पैरालीगल वालेटियर्स एवं विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्रगण अधिक संख्या में उपस्थित रहे। उक्त प्रभात फेरी शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय नम्बर, 01 भिण्ड से प्रारंभ होकर, शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय नम्बर, 01 भिण्ड पर ही उक्त प्रभात फेरी का समापन किया गया। उक्त रैली के साथ ही तहसील विधिक सेवा समिति लहार, गोहद एवं मेहगांव में भी को भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन एवं बाल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन एवं बाल दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नम्बर, 01 भिण्ड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान के प्रमुख उपबंधोंके साथ ही मूल अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में बताया गया।

## ग्राम समन्ना एवं सपाड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



**भिण्ड ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के मार्गदर्शन में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत समन्ना एवं ग्राम पंचायत सपाड जिला भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में देवेश शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के द्वारा वहॉ पर उपस्थित जनसमूह को विभिन्न उपयोगी विधिक जानकारियों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं के साथ ही साथ निःशुल्क विधिक सहायता योजना, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना, लोक अदालत योजना, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्त्तव्यों तथा बालकों के अधिकारों के संबंध में आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर बृजेन्द्र कुमार एवं श्री कृष्ण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई स्वतंत्र भारत की नींव रखने वाले पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

### जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने दिलाई एक दर्जन से अधिक बालको को बाल कांग्रेस संगठन में सदस्यता

**भिण्ड।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने बाल कांग्रेस का शुभारंभ किया। इसकी स्थापना के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री बाला बच्चन को बाल कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य और बाल कांग्रेस के प्रभारी पूर्व मंत्री बाला बच्चन की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभाकक्ष में रविवार को बाल कांग्रेस संगठन का शुभांरभ किया।इस अवसर पर कमलनाथ ने 16 से 20 वर्ष की आयु के युवाओं को बाल कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्र भारत की नीव रखने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्रीएबाल हितेषीएनेहरु चाचा के नाम से विश्व विख्यात पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।बता दें कि दुनिया भर में बाल दिवस अलग अलग तिथियों को मनाया जाता है।लेकिन भारत में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल



नेहरू के जन्मदिनए 14 नवंबरए को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था।और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे।कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने एक दर्जन से अधिक बालकों को बाल कांग्रेस संगठन में सदस्यता दिलाई।उन्हें बाल कांग्रेस संगठन से जोडकर कांग्रेस संगठन में नेता तुम्ही हो कल के भविष्य की परिकल्पना और कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला है।बाल कांग्रेस के गठन का उद्देश्य कांग्रेस की मूल विचाराधारा से बतानाए देश के विकास में कांग्रेस के योगदान के बारे में जानकारी देना है। पार्टी का मानना है।कि जब बच्चों को कांग्रेस के इतिहास के बारे में जानकारी होगी तो वह सोशल मीडिया पर चलने वाली फर्जी जानकारी को पहचान सकेंगे और दूसरों को सही जानकारी दे सकेंगे। साथ ही कांग्रेस के लिए भविष्य में अच्छे नेता तैयार होंगे।बाल कांग्रेस अगले 1 साल में 5 लाख सदस्य जोड़ेगी। इन सदस्यों की उम्र 16 वर्ष से 20 वर्ष के बीच होगी। बाल कांग्रेस का स्वरूप सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन का होगा।

### बाल कांग्रेस संगठन से बालक जानेंगे कांग्रेस का इतिहास

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस बाल कांग्रेस में बालक कांग्रेस के इतिहास को जानकर उन तमाम झूठे प्रचार का जवाब देने का काम करेंगे।जिसमें 70 साल की नीतियों को अक्सर बहुत ही विकृत तरीके से पेश किया जाता है। बाल कांग्रेस नई पीढ़ी को देश के विकास की सच्ची कहानी से अवगत कराएगी और उन्हें परोसे जा रहे झूठ से आजाद कर आएगी।देश का नौजवान इस समय बेरोजगारी गरीबी और अशिक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। देश का मौजूदा नेतृत्व इन सारे प्रश्नों को हल करने में नाकाम है और सिर्फ सांप्रदायिक आधार पर देश को विभाजित करने में लगा है। मौजूदा नेतृत्व जानबूझकर नौजवानों को भावनात्मक मुद्दों में भटकाता है। और उन्हें अपने भविष्य का निर्माण करने से रोकता है। इस बाल दिवस के अवसर पर विशाल धाकड, रोहन शाक्य, नीरज धाकड, अनुज शाक्य, राज, रिंकू शाक्य,आनंद, शेरू, संदीप, मेवाराम, उमेश बघेल, हरिओमए राहुल, नीरू, चिंकी आदि ने सदस्यता ग्रहण की। तथा इसी क्रम में पूर्व विधायक सोपत जाटव, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव, इरशाद अहमद, अशोक गुप्ता, रेखा भदौरिया ममता मिश्रा, विजय शर्मा, विक्रम सिंह राजावत, भागीरथ सिंह कुशवाह इत्यादि लोगों ने अपने विचार रखे।

## जिनपिंग ताकतवर

चीन के मौजूदा राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग और सुधारक देंग शियाओपिंग के बराबर का दर्जा दिया गया है। ऐतिहासिक प्रस्ताव में 17 बार जिनपिंग का उल्लेख किया गया है। पूरे प्रस्ताव में सिर्फ 7 बार माओ और 5 बार देंग का उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में 2049 तक चीन को महान आधुनिक समाजवादी देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह साफ है कि शी जिनपिंग चीन को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। अब शी जिनपिंग चीन के इतिहास में माओ के बाद सबसे ताकतवर नेता बन गए हैं। शी के बेहद ताकतवर होने का असर चीन के साथ-साथ भारत और दुनिया पर पडऩा लाजिमी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच बीते कुछ सालों से लगातार बने तनाव को देखते हुए शी जिनपिंग का और ताकतवर होना भारत के लिए चिंता की बात हो सकती है। जिनपिंग कह चुके हैं कि वह अपने पूर्वजों से मिली जमीन में से एक इंच को भी नहीं छोड़ेंगे। उनके इस बयान ने भारत के साथ चल रहे सीमा विवाद में चीन की तरफ से किसी भी तरह की रियायत की गुंजाइश खत्म हो गई है। चीन तो भारत के अरुणाचल प्रदेश पर भी अपना दावा करता है। उसने 2006 में बाकायदा अपना हिस्सा बता दिया। ऐसे में सीमा विवाद पर शी के राष्ट्रपति रहते चीन की तरफ से किसी नरमी की गुंजाइश नहीं दिखती। चीन का अंतिम लक्ष्य ताइवान पर अपना कब्जा जमाना है। यही लक्ष्य शी जिनपिंग का भी लक्ष्य है। अगर शी जिनपिंग ऐसा करने में सफल हो जाते हैं तो वह चीन की कम्युनिस्ट क्रांति के वक्त कब्जे से बाहर रह गए अपने भू-भाग को हासिल करने वाले नेता माने जाएंगे। ऐसा होने से वह चीन में कम्युनिस्ट क्रांति को पूरा करने वाले नेता कहलाएंगे। इसी कारण बीते कुछ सालों में चीन ने ताइवान के लिए अपने सैन्य प्रदर्शन को और मजबूत किया है। चीन का ताइवान पर कब्जा करने का रास्ता भारत होकर जाता है। वह ताइवान से पहले भारत से निपटना चाहता है। ऐसा करने से वह एक साथ दो लक्ष्यों को साधने में कामयाब होगा। इससे वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझा लेगा और दुनिया को संदेश देगा कि उससे उलझना किसी के लिए भी भारी पड़ सकता है। चीन अपने खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व हो रही गोलबंदी से नाराज है। इस गोलबंदी में भारत भी शामिल है। भारत भी चीन के खिलाफ बने क्वाड ग्रुप (यानी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत) में शामिल है। भारत के खिलाफ कार्रवाई कर चीन क्वाड की क्षमता को परख सकता है। कहा जा रहा है कि अगर भारत के खिलाफ चीन आक्रामक होता है और भारत को उसके मित्र देशों (क्वाड) से पर्याप्त सहायता नहीं मिलती है तो इससे उसके ताइवान पर कब्जा करने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। बीजिंग वन चाइना को जल्द से जल्द जमीन पर उतारना चाहता है ताकि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन आदि को कोई मौका न मिल सके। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद से अमेरिकी नेतृत्व पहले से कमजोर दिखा है। अफगानिस्तान को लेकर अमेरिकी सहयोगी पाकिस्तान अब खुलकर तालिबान के साथ नजर आ रहा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ताइवान को लेकर कहा था कि अमेरिका चीन की सैन्य कारवाई के खिलाफ ताइवान की सैन्य रूप से रक्षा करेगा। लेकिन डेमोक्रेट्स अगर रिपब्लिकन से कुछ सीटें और हारते हैं तो बाइडेन और कमजोर पड़ सकते हैं। ऑकस जैसे समझौते भी चीनी आक्रमण के काट के तौर पर नहीं दिखती है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को खुद से संचालित करने में अभी सालों लगेंगे। इस बात को चीनी नौसेना अच्छे तरीके से जानती है।

# आदिवासी दिवस बनाम जनजातीय गौरव के निहितार्थ...

**डॉ अजय खेमरिया**

15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाए जाने को लेकर उदारवादी जमात के पेट में दर्द शुरू हो गया है। 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है फिर भारत सरकार द्वारा जनजाति गौरव दिवस के औचित्य पर सवाल उठाए जा रहे है। सच्चाई यह है कि अरण्य अस्मिता और उसके गौरवशाली इतिहास को एक सुनियोजित मानसिकता के साथ विस्मृत करने का कार्य देश में 75 साल से किया जाता रहा है।विश्व आदिवासी दिवस की सुनियोजित अवधारणा भारत की समग्र एकता और अखंडता के विरुद्ध एक वैश्विक षड्यंत्र है। इसके तार उसी औपनिवेशिक मानसिकता से जुड़े है जिसे भगवान बिरसा मुंडा ने अपने जीवन काल में सफल चुनौती दी थी। टोपी से बचने की बिरसा थियरी असल में ईसाई मिशनरी और गोरी हुकूमत से संघर्ष की संयुक्त संकल्पना ही थी।दुर्भाग्य से स्वतंत्र भारत में जनजातियों को राजव्यवस्था ने जिस दृष्टि से देखा और समझा है वह वैरियर एल्विन और फादर हॉफमैन जैसे विदेशी चश्मे से ढकी हुई है। विश्व आदिवासी दिवस वस्तुतः एल्विन जैसी बौद्धिक विरासत से रची गई एक अलगाववादी थियरी ही है, जिसकी प्रामाणिक काट में मोदी सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस का शंखनाद किया है।यह गौरव दिवस असल मायनों में भारतीय दृष्टि से जनजातीय गौरव को पुनर्स्थापित करने का शुभारंभ भी है।बुनियादी रूप से हमें यह समझने की आवश्यकता है कि 2007 में शुरू हुआ विश्व आदिवासी दिवस अगले दस बर्ष के अंदर देश के 300 केंद्रों पर कैसे सरकारी और गैर सरकारी मंचों पर भव्यता के साथ मनाया जाने लगा।इसकी पड़ताल हमें उस वैश्विक षडयंत्र की तरफ ले जाती है जो मूल रूप से माओवाद और नक्सलवाद के दर्शन पर टिकी है। इस आदिवासी दिवस अवधारणा का एकमेव सिद्धान्त है %जनजाति हिन्दू नही है%।भारत की 11 करोड़ आबादी को इस झूठ के साथ बरगलाना की आदिवासियों को भारत के संविधान से ज्यादा अधिकार संयुक्त राष्ट्र संघ का घोषणापत्र देता है। साथ ही अगर भारत का संविधान हमें (आदिवासियों) यूएन के अनुसार अधिकार नही देता है तो अलग नागरिकता की मांग की जाए। इन बीज मांगों के आलोक में संविधान दिवस के आयोजनों में भारत के संविधान की प्रतियां तक जलाई जा रही है। इन मांगों के समर्थन में माओवादी,मिशनरी एक्टिविस्ट एवं आर्मीनुमा दलित संगठनों के साथ जेएनयू,जामिया,जाधवपुर,अलीगढ जैसे विश्वविद्यालयों के एकेडेमिक्स भी खड़े नजर आते है।यह वही संगठित वर्ग है जिसने नागरिकता संशोधन कानून,अनुच्छेद 370 के संसदीय घटनाक्रम पर देश भर में झूठ और नफरत की फसल खड़ी की।हाल ही में किसान आंदोलन और दिल्ली दंगों में भी ऐसे ही तत्वों की भमिका सर्वविदित है।महत्वपूर्ण पक्ष यह कि आदिवासी दिवस की इस अलगाववादी थियरी को एमनेस्टी, फोर्ड फाउंडेशन से लेकर वे सभी एनजीओ खुलेआम मदद कर रहे है जो हालिया एफसीआरए कानून में संशोधन से तिलमिलाए हुए है।समझा जा सकता है कि एक वैश्विक षड्यंत्र पूरी सुनियोजित रणनीति के साथ आदिवासी मामलों में सक्रिय है जिसने झारखंड,छतीसगढ़, मप्र ,गुजरात,महाराष्ट्र जैसे राज्यों की संसदीय राजनीति तक को अपने कतिपय प्रभाव में ले रखा है।इस पूरी गिरोहबंदी का लक्ष्य देश की 11 करोड़ जनजातीय आबादी को हिंदू धर्म और भारत की राष्ट्रीयता के विरुद्ध खड़ा करना है। अब बड़ा सवाल यह है कि देश की 705 अनुसूचित जनजाति वर्गों में से केवल बिरसा मुंडा के साथ जनजाति गौरव क्यों जोड़ा गया है?

इसका जबाब यह है कि भगवान बिरसा मुंडा सनातन परंपरा के ध्वजवाहक है। उनकी स्पष्ट उद्घोषणा थी कि सनातन संस्कृति की कीमत पर राजनीतिक आर्थिक विकास का कोई महत्व नही है। सच्चाई यह है कि हिंदुत्व और सनातन तत्व ही भारत की एकता और अखंडता की बुनियाद है।इस बुनियाद को कमजोर करने का षडयंत्र भारत और भारत के बाहर औपनिवेशिक कालखंड से ही सतत जारी है।2014 कि बाद इन षडयंत्रकारी शक्तियों की जमीन बुरी तरह से हिली



है।यही उस बड़े उदारवादी वर्ग की चिंता का सबब है जो भारत में कभी मूल निवासी कभी आर्य अनार्य के विवाद खड़े करता रहा है।

जनजाति को वैश्विक आदिवासी नागरिकता की बात करने वालों की मानसिकता को भी यहां गहराई से समझने की आवश्यकता है क्योंकि बिरसा से भयभीत गोरी हुकूमत ने बाकायदा एक थियरी ईजाद की थी जो यह बताती है कि भारत में बिरसा मुंडा जैसा वीर आगे पैदा नही हो सके।इसके लिए अंग्रेजी सरकार को किस कार्ययोजना पर काम करना है।नतीजतन मुंडा वर्गीय वनवासियों को इसी थियरी पर धर्मांतरित किया गया।जयपाल मुंडा इसकी नजीर है जिन्हें बकायदा लंदन ले जाकर सुशिक्षित किया गया और उन्होंने संविधान सभा में सदस्य के रूप में जो भूमिका ली वह सर्वविदित है।आज झारखंड के 11 जिलों में यह षड्यंत्र सफल होता दिख रहा है।

झारखंड के दो मुख्यमंत्रियों को छोड़कर हर सीएम फादर हॉफमैन की मूर्ति पर जाकर माला पहनाते है।फादर हॉफमैन वही शख्सियत है जिसने भगवान बिरसा मुंडा की असमय मौत की पटकथा लिखी। दूसरा नायक है वैरियर एल्विन जिसने दो नाबालिग वनवासी लड़कियों से विवाह कर उनका शोषण किया।इसी वैरियर एल्विन को नेहरू जी ने देश का प्रधान जनजातीय सलाहकार बनाया।देश के एकेडेमिक्स में एल्विन की गढ़ी गईं अलगाववादी थियरी ही 75 बर्षो से पढ़ाई जा रही है। आदिवासी दिवस और गैर हिन्दू आदिवासी थियरी के नायक मिशनरी और बिरसा के हत्यारे बेशर्मी से कैसे बने हुए है। अब इसे समझना अधिक कठिन नही है।एल्विन और हॉफमैन के मानस पुत्रों को भगवान बिरसा मुंडा अगर स्वीकार्य नही है तो इसके निहितार्थ भारत और भारतीयता के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय साजिश को स्वयंसिद्ध करता है।

वस्तुतःभगवान बिरसा मुंडा ने जिन महान उद्देश्यों को लेकर प्राणोत्सर्ग किया, वनवासी समाज मे राष्ट्रीय चेतना की स्थापना की।क्या उस चेतना और बलिदान के दिखाए गए मार्ग पर हमारी अपनी राजव्यवस्था 75 सालों में वंचितों के लिए चलने का नैतिक साहस दिखा पाई है? अपनी नाकामी की पर्देदारी के लिए भी आदिवासी दिवस जैसे षडयंत्र को उदारवादियों ने स्थापित करने का काम किया है।इसे वोट बैंक के नजरिये से भी समझने की जरूरत है क्योंकि वनवासी करीब 20 राज्यों में भौगोलिक रूप से बिखरे है और उनमें पिछडेपन के साथ विविधता बहुत है।वनवासियों की एकीकृत वोट अपील पिछड़ों,दलित,अल्पसंख्यक जैसी नही है।सिवाय झारखंड और छत्तीसगढ़ को छोड़कर। बिरसा की जन्मभूमि झारखंड के गठन की विधिवत घोषणा करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस नए राज्य को बिरसा को समर्पित करने की बात कही थी।लेकिन हॉफमैन जैसे बिरसा मुंडा के हत्यारे उसी झारखंड में राजनीतिक दलों से खुलेआम प्रतिष्ठित होते रहे है।

रांची और इसके आसपास जिलों के हजारों वनवासियों के साथ बिरसा नारा लगाते थे. तुन्दू जाना ओरो अबूझा राज एते जाना (ब्रिटिश महारानी का राज ख़त्म हो हमारा राज स्थापित हो).

प्रख्यात लेखिका महाश्वेता देवी ने अपने उपन्यास÷जंगल के दावेदार÷में जो प्रमाणिक वर्णन बिरसा मुंडा और उनकी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का किया है वह आज के इस पिछड़े वनवासी समाज की तत्कालीन चेतना के उच्चतम स्तर को भी स्वयंसिद्ध करता है।उन्होंने महज 25 साल जीवन गुजारा लेकिन अपने विभूतिकल्प व्यक्तित्व के चलते वे वनांचल में भगवान के रूप में आज पूजे जा रहे है।यह एक तथ्य है कि बिरसा को भारतीय लोकजीवन में पाठ्यक्रम में कभी यथोचित स्थान नही दिया गया है।

## चैतन्यता जरूरी

स्मृति और विस्मृति दोनों संतुलन अपेक्षित हैं। कुछेक व्यक्तियों में विस्मृति की बड़ी मात्रा होती है। वह हमारी चेतना की स्थिति को बहुत स्पष्ट करता है। एक व्यंग्य है। दो बहनें मिलीं। एक स्त्री ने कहा, मेरा पति बहुत भुलक्कड़ है। एक दिन बाजार में गया सब्जी लाने के लिए। बाजार में घूम-घामकर घर लौटा। आते ही पूछा, अरे! मैं बाजार गया था, पर याद नहीं रहा कि मैं बाजार क्यों गया हूं? कितना भुलक्कड़! दूसरी स्त्री बोली, अरे! बस इतना ही भुलक्कड़! मेरा पति इससे बहुत आगे है। उसके भुलक्कड़पन की बात सुनोगी तो आश्चर्यचकित रह जाओगी। एक दिन की बात है। वह मित्रों के साथ बाजार में घूम रहा था। अकस्मात् ?सा योग मिल गया कि मैं उधर से निकली। मुझे देखते ही उसने कहा, बहनजी! नमस्ते। आपको कहीं देखा है। आपकी सूरत परिचित-सी लगती है। कितनी विस्मृति! विस्मृति एक व्यापक बीमारी है। कुछेक लोग इसके शिकार हो जाते हैं। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जीवन में स्मृति और विस्मृति का संतुलन होना चाहिए। हम याद भी रख सकें और भूल भी सकें। याद रखना ही पर्याप्त नहीं होता, भूलना भी आवश्यक होता है। जीवन की अनेक घटनाएं ?सी होती हैं जिनको भूल जाना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ प्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं और अप्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं। यदि उनका भार ढोते ही जाएं तो दुख का कहीं अन्त नहीं होगा। हम आवश्यक बातों को याद रखें और अनावश्यक बातों को भूलते चले जाएं। अपने कर्तव्य की विस्मृति शिक्षा की बहुत बड़ी बाधा है।

## जनजातीय गौरव दिवस - एक सार्थक पहल

**शिवप्रकाश**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद द्वारा स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में एक महत्वपूर्ण निर्णय, जिसके लिए वे और उनकी सरकार बधाई की पात्र है, भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। मध्यप्रदेश के लिए यह विशेष उपलब्धि की बात है क्योंकि जनजातीय गौरव दिवस की संकल्पना को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मूर्तरूप दिया था, उसे प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान किया।

जनजाति समाज में जन्मे भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजाति समाज के अनेक वीरों के प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों एवं जंगलों में फैली हमारे देश में 2011 की जनगणना के अनुसार 10.43 करोड़ की जनसंख्या जनजाति समाज की है जो कुल जनसंख्या का 8.6त्न है। जनजाति समाज में भी अपनी परंपराएं एवं पृथक पहचान के कारण वें एक दूसरे से भिन्न है। इस आधार पर लगभग 705 से अधिक जनजाति समूह है जो देश के कोने-कोने में फैले हुए हैं। इनमें से लगभग 75 समूह ऐसें हैं जो क्क्कञ्जत्र में आते हैं। जो देश की मुख्यधारा से आज भी अलग हैं। यह जनजातियाँ अपनी हस्तकला, परंपरागत काष्ठ कला आदि के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दे रहीं हैं। श्रम साध्य जीवन शैली, शस्त्र एवं धनुर्विद्या में निष्णांत होने के कारण खेलों में जनजाति के योगदान को भुलाना संभव नहीं है।6 बार की चैंपियन मुक्केबाज मैरीकॉम, राजनीतिक नेता स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा, धनुर्विद्या में तज्ञ कोमालिका बारी, हॉकी खिलाड़ी श्री दिलीप तिर्की जैसी महान विभूतियों पर भारत के प्रत्येक नागरिक को गर्व है। जनजाति समाज सदियों से सनातन हिंदू परंपरा का अंग रहा है। प्रकृति का उपासक जनजाति वर्ग अपने को कभी हिंदू समाज से अलग नहीं मानता था। सनातन हिंदू परंपरा में भी वृक्षों, जल एवं प्रकृति की पूजा आज भी होती है। वटवृक्ष, तुलसी, नदी, समुद्र आदि की पूजा देश के संपूर्ण भागों एवंप्रत्येक वर्गों में आज भीप्रचलित है। देश की अनेक जनजातियाँ अपना संबंध भगवान श्री राम के साथ, छत्तीसगढ़ में माँ कौशल्या के साथ, उत्तर पूर्वांचल में भगवान श्री कृष्ण एवं उनकी पत्नी रुक्मणी के साथ जोड़ती है। देहरादून (उत्तराखंड) में आज भी लाखामंडल (लाक्षागृह) एवं जौनसार में प्रचलित बहुपति प्रथा को पांडवों के साथ जोड़कर देखा जाता है। मणिपुर के लोग रुक्मणी को अपना मानते हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित भारत और नेपाल के तराई भागों में फैली थारू जनजाति महाराणा प्रताप का वंशज मानने में गौरव का अनुभव करती है। थारू जनजाति के प्रत्येक परिवार केपूजा स्थान में हल्दीघाटी की पवित्र मिट्टी आज भी विद्यमान है। अलाउद्दीन खिलजी के धार (मध्य प्रदेश)पर आक्रमण के कारण वहां के राज परिवार से संबंधित राजा जगत देव अपनी आराध्य देवी बाल सुंदरी का विग्रह लेकर आज के उत्तराखंड में आए थे। जो बुक्सा जनजाति के नाम से जाने जाते हैं। उनके द्वारा स्थापित सम्पूर्ण समाज द्वारा काशीपुर (उत्तराखंड) में बाल सुंदरी की देवी स्वरूप उपासना वर्तमान में भी होती है।

अंग्रेजों के विरुद्ध चलने वाले स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के भगवान बिरसा मुंडा इन्हीं स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।उन्होंने 13 अक्टूबर 1894 को लगान (कर) माफी के लिए आंदोलन किया। तीर कमान लेकर सभी मुंडा नौजवान अंग्रेजो के खिलाफ खड़े हो गए। इसके दंड स्वरूप बिरसा मुंडा को 2 वर्ष हजारीबागकी जेल में कारावास भोगना पड़ा। अकाल पीड़ितों की सहायता करने के कारण लोगों ने उनको धरती बाबा की उपाधि एवं भगवान मानना प्रारंभ किया। भगवान बिरसा मुंडा के साथ-साथ तिलकामांझी, नागा रानी गाइदिन्ल्यू , ताना भगत, सुरेंद्र साए सहित अल्लूरी सीताराम राजू के योगदान को भुलाना इन महापुरुषों के प्रति अन्याय ही माना जाएगा। देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संथाल विद्रोह 1855, खासी विद्रोह असम,फूकन एवं बरुआ विद्रोह, नगा संग्राम नागालैंड, भूटिया लेप्चा विद्रोह बंगाल, पलामू विद्रोह, खरवाड़ विद्रोह, संथाल क्रांति,टटया मामा विद्रोह मध्य प्रदेश, केरल के आदिवासी किसानों की क्रांति आदि अनेक ऐसे आन्दोलन है।

# मध्यप्रदेश की नैसर्गिक विरासत है जनजातीय संस्कृति

### सूडोकू नवताल- 5892

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -5891 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

**लक्ष्मीनारायण पयोधि**

जनजातीय आबादी के मान से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है।सच कहें तो यह संस्कृति इस प्रदेश की नैसर्गिक विरासत है,जिसमें निश्छल जीवन का आह्लाद और संघर्ष प्रतिबिंबित हैं।जनजातीय जीवन-शैली में आलोकित आनंद समूचे प्रदेश की ऊर्जा और उसका दैनंदिन संघर्ष सभी प्रदेशवासियों की प्रेरणा है।

%संस्कृति% शब्द अपने व्यक्तित्व की समग्रता में एक व्यापक अर्थबोध के साथ परिदृश्य में उपस्थित है।यह शब्द किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समुदाय अथवा समाज की जीवनशैली,खानपान, परिधान,रहन-सहन,मान्यता, परंपरा, लोकविश्वास,धार्मिक आस्था,अनुष्ठान, पर्व-त्योहार,सामाजिक व्यवहार, नियम-बंधन, संस्कार, आजीविका के उद्यम आदि की विशेषताओं को प्रकट और रेखांकित करता है।इस पारिभाषिक स्थापना को जनजातीय संस्कृति के माध्यम से समझा जा सकता है।

भौगोलिक दृष्टि से देश के केन्द्र में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश की सीमाएँ उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्यों को छूती हैं। पड़ोसी राज्यों से सांस्कृतिक समरसता के कारण उनके सबसे अधिक रंग मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में बिखरे हैं।इसलिये इस प्रदेश की जनजातीय संस्कृति सप्तवर्णी इन्द्रधनुषी छटाओं से सुसज्जित है। अगर आपने कभी किसी जनजातीय क्षेत्र का प्रवास किया हो,वहाँ कुछ दिन ठहरने का अवसर मिला हो,या फिर आप किसी जनजाति बहुल गाँव के निवासी हों? तो आपकी स्मृति में यह मोहक दृश्य अवश्य अंकित होगा ़ ढोल की गमक के साथ निनादित मादल का उल्लास...टिमकी, ठिसकी, चुटकुलों, कुंडी, घंटी या थाली की संगत में दिशाओं को गुँजाती बाँसुरी की स्वर-लहरियाँ....पाँवों में हवा के घुँघरू बाँधकर नृत्य-भंगिमाओं के साथ वृक्षों से लिपटतीं विभोर लताएँ....जंगल-पर्वत, नदी-झरनों का सम्मोहक संसार....रहस्यमय घाटियों से क्षितिज तक जाती टेढ़ी-मेढ़ी अनगढ़ पगडंडियाँ और इन सबके बीच धड़कता जनजातियों का संघर्षमय पर बिंदास जीवन।

मध्यप्रदेश के अधिकांश जनजाति समुदाय प्राय़ वनों के निकट निवास करते हैं।प्रकृति की रागात्मकता और लीला-मुद्राओं से उनका गहरा संबंध है। निसर्ग के लगभग सभी जीवनोपयोगी उपादान उनके आराध्य हैं। वे प्रकृति की छोटी से छोटी शक्ति में सर्वशक्तिमान की छवि पाते हैं। धरती, आकाश, सूरज, चंद्रमा, मेघ, वर्षा, नदी,पर्वत, वृक्ष, पशु, पक्षी, सर्प, केकड़े-यहाँ तक कि केंचुआ भी उनकी श्रद्धा का पात्र है, क्योंकि महादेव को धरती के निर्माण के लिये उसी के पेट से मिट्टी मिली थी। पशु-पक्षी और वनस्पतियों में से अनेक उनके गोत्र-देवता के रूप में पूज्य तो हैं ही। आस्था का यह निश्छल रूप ही अनुष्ठानों की प्रेरणा-भूमि है। पर्व-जात्रा, मेले-मड़ई, नृत्य-उत्सव, गीत-संगीत-सब परंपरा के रूप में आदिम आस्था का पीढ़ी-दर-पीढ़ी संतरण ही है। भील जनजाति समूह में हरहेलबाब या बाबदेव, मइड़ा कसूमर, भीलटदेव, खालूनदेव, सावनमाता, दशामाता, सातमाता, गोंड जनजाति समूह में महादेव, पड़ापेन या बड़ादेव, लिंगोपेन, ठाकुरदेव, चंडीमाई, खैरमाई, बैगा जनजाति में बूढ़ादेव, बाघदेव, भारिया दूल्हादेव, नारायणदेव, भीमसेन और सहरिया जनजाति में तेजाजी महाराज, रामदेवरा आदि की पूजा पारंपरिक रूप से प्रचलित है। पूजा-अनुष्ठान में मदिरा और पक्वान्न का भोग लगता है। भीलों के त्योहारों में गोहरी, गल, गढ़, नवई, जातरा तो. गोंडों में बिदरी, बकबंदी, हरढिली, नवाखानी, जवारा, छेरता, दिवाली आदि प्रमुख हैं। कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, साँवा, क्क्का, चना, पिसी, चावल आदि अनाज जनजाति समुदायों के भोजन में शामिल हैं।महुए का उपयोग खाद्य और मदिरा के लिये किया जाता है।आजीविका के लिये प्रमुख वनोपज के रूप में भी इसका संग्रहण सभी जनजातियाँ करती हैं।बैगा,भारिया और सहरिया जनजातियों के लोगों को वनौषधियों का परंपरागत रूप से विशेष ज्ञान है।बैगा कुछ वर्ष पूर्व तक बेवर खेती करते रहे हैं।

जनजाति समुदायों के लोग अपने मकान प्राय़ मिट्टी, पुआल, लकड़ी, बाँस, खाई, खपरैल, छींद या ताड़ पत्तों का उपयोग कर बनाते हैं। मकान अमूमन 30-35 फुट लंबा और 10-12 फुट चौड़ा होता है। कहीं-कहीं मकान के बीच में आँगन भी होता है। घर के एक हिस्से में गोशाला भी होती है।बकरियों के लिये बुकड़ कुड़िया भी। मकान का मुख्य द्वार फरिका की नोहडोरा (भित्तिचित्र) से सज्जा की जाती है।

## प्रदूषणः दिल्ली देश को सिखाए

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कल शाम जैसे ही दुबई पहुंचे, हवाई अड्डे पर ही लगा कि हम किसी नई दुनिया में आ गए। हम पिछले 8-10 दिन से हमारी प्यारी दिल्ली के गैस-चेंबर में बंद पड़े थे। हमारी कोशिश रहती थी कि अपने गुड़गांव के घर में ही कैद रहें। सारे दरवाजे, खिड़कियां और उजाललदान लगभग बंद ही रखते रहे और घर में रहते हुए भी मुखपट्टी (मास्क) लगाए रहते थे, हालांकि घर के बाहर और पीछे 20-22 बड़े पेड़ लगे हुए हैं और करीब 200 गमलों में तरह-तरह के पौधे लहलहा रहे हैं। फिर भी ऐसा लगता था कि घर के बाहर निकले तो कहीं ज़हर की नदी में गोता न लगाना पड़ जाए। सड़क के पार का दृश्य इतना धुंधला होता था कि कुछ देखा और न देखा एक बराबर हो जाता था। इसीलिए पिछले 10-12 दिन से घंटे भर का प्रातः-भ्रमण का कार्यक्रम भी लगभग स्थगित रहा लेकिन दुबई की आज सुबह भी क्या सुबह है? इंटरनेट ने बताया कि यहां प्रदूषण अंक सिर्फ 48 है जबकि दिल्ली में वह 500 को छू रहा है। दिल्ली के कुछ इलाकों में रात के वक्त वह 1000 तक चला जाता था। कहा जा रहा है कि दुनिया के 30 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में 20 तो अकेले भारत में ही है और दिल्ली उनमें सबसे ज्यादा प्रदूषित है। दिवाली और प्रदूषण के इस दौर में विदेश में कई मित्रों से बात हुई। लंदन, लॉस एंजलिस, फ्लोरिडा, बर्लिन और ज्यूरिख में प्रदूषण-अंक 50 के आस-पास है। चीन जैसे देश के शहरों में 100 से कम है। लेकिन हमारे दक्षिण एशिया के बड़े देशों की हालत खस्ता है। ध्यान रहे कि दिल्ली भारत की राजधानी है और इस शहर में एक मुख्यमंत्री रहता है और एक प्रधानमंत्री भी रहता है। जिस शहर में दो-दो सरकारें चल रही हों, उसकी इतनी दुर्दशा क्यों है? यह सवाल सर्वोच्च न्यायालय ने काफी कड़वी जुबान में उठाया है। उम्मीद है कि दोनों सरकारें कुछ कड़े कदम उठाएंगी। 2019 में भारत के लगभग 17 लाख लोगों की मौत का कारण यह जहरीली हवा है। अकेली दिल्ली में 17500 लोग प्रदूषण के शिकार हुए हैं। सरकारें तो कुछ न कदम उठा रही हैं लेकिन असली काम आम जनता को करना है। जो लोग अपने घर के आस-पास पेड़ लगा सकते हैं, वे लगाएं, वरना हर घर के सामने पौधों के दर्जनों गमले सजे होने चाहिए। हफ्ते में कुछ दिन कार और स्कूटर चलाने की बजाय पैदल, मेट्रो और बस का इस्तेमाल करें। किसान भाई पराली न जलाएं, इसका इंतजाम सरकार करे। कुछ दिन दिल्ली के लोग घरों से ही काम करने की आदत डालें। अभी कुछ दिनों तक सभा, सम्मेलन और जूलूस वगैरह स्थगित रखे जाएं।

# जिलेभर में याद किया गया चाचा नेहरू को, जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित





**मुरैना।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु चाचा की जयंती रविवार को जिले भर में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई और अवकाश के दौरान भी अनेक स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर बाल मेला लगाए गए। इधर जिलेभर में कांग्रेस जनों ने भी नेहरू प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली। रविवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्यारे चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई एवं उनकी प्रतिमाओं तथा चित्रों पर माल्यार्पण कर याद किया गया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने नेहरू पार्क पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि पंडित नेहरू का जन्म पराधीन भारत के संपन्न परिवार एवं देश के जाने-माने अधिवक्ता मोतीलाल नेहरू के यहां हुआ था तथा उनका परिवार सभी तरह से संपन्न था। उस समय भी उनके परिवार को देश में अंग्रेज अफसरों एवं राजा महाराजाओं द्वारा सम्मान दिया जाता था, लेकिन फिर भी चाचा नेहरू ने देश की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाई और लगभग 10 वर्ष तक जेल में गुजारे। यह उनकी राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यही कांग्रेस पार्टी की प्रथम प्राथमिकता एवं मूल अवधारणा भी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के अलावा रविंद्र मावई, संजय मिश्रा एडवोकेट, कौशल पंडित, विक्रम राज मुद्गल, शशि सक्सेना आदि सहित तमाम कांग्रेस जन अनुपस्थित थे।

### जीपी किड्स विद्यालय में हुआ बाल मेले का आयोजन

शहर के जीपी किड्स विद्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरु चाचा की जन्म जयंती के उपलक्ष में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों द्वारा तरह-तरह के व्यंजन की स्टाल लगाई गई, जिसका शुभारंभ विद्यालय के संचालक संजय गुप्ता द्वारा किया गया। बाल मेले में बच्चों और उनके अभिभावकों ने काफी लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

**अम्बाह।** आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह के ब्लॉक अध्यक्ष उमाचरण कटारे (दाऊ) के नेतृत्व में आजाद भारत की नींव रखने वाले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बच्चो के प्रिय चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती स्थानीय नेहरू पार्क में मनाई गई, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उमाचरण कटारे सहित तमाम लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान देवेंद्र सखवार, ब्रजकिशोर सखवार, माधो सखवार, शिवनारायण सखवार, गिरीश सखवार, तरुणेश तोमर, हारून खान, अजय ठेकुले, राहुल सिंह, खलील खान पठान, कालीचरण, जितेंद्र सिंह, अनुरुद्ध शर्मा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।



## भगवान आदिनाथ का पंचकल्याणक, हेलीकॉप्टर से तीन दिन होगी पुष्प वर्षा

### कवयित्री अनामिका अंबर करेंगी काव्य पाठ



**अम्बाह।** श्री महावीर जिनालय चुंगी नाका के श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में 23 से 25 नवंबर तक हेलीकॉप्टर अम्बाह नगर में पुष्प वर्षा करेगा ।यह मनमोहक दृश्य प्रतिदिन दो-दो घंटे दिखाई देगा। यह कार्यक्रम 21 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक चलेगा, जिसमे कवि सम्मेलन का आयोजन भी रखा गया है, कवि सम्मेलन का मुख्य आकर्षण कवियित्री अनामिका अंबर होंगी। इसके साथ ही प्रसिद्ध भजन गायक रूपेश जैन भी अपने ग्रुप के साथ भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। ज्ञात रहे कि आचार्य विन्रम सागर महाराज के सानिध्य में एवं मुनि विज्ञ सागर महाराज के मार्गदर्शन में होने वाले इस आयोजन के अंतर्गत 21 नवंबर को सुबह 5 बजे से कार्यक्रम शुरू हो जायेगे। पंच कल्याणक महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक जिनेश जैन एवं अध्यक्ष अशोक जैन एडवोकेट ने बताया कि आयोजन में कलश घट यात्रा, रथ यात्रा एवं ध्वजारोहण तथा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। इन कार्यक्रम के मध्य कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित अनेक राजनेता प्रशासनिक अधिकारी भी शिरकत करेंगे कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से सात दिवस में तकरीबन 50 हजार लोग सम्मिलित होंगे। मुख्य कार्यक्रम जैन बगीची में होगा, वही 21 नवंबर से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जो 27 नवंबर तक चलेगी। इस कार्यक्रम के दौरान भगवान आदिनाथ के पांच कल्याणक का चित्रण प्रतिदिन मंच पर किया जाएगा। आयोजन में आने वाले मेहमानों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। इसके साथ ही नगर के विभिन्न होटल एवं लॉज बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए बुक किये जा चुके है। जैन समाज के वयोवृद्ध समाजसेवी सुमति चंद जैन बरवाई वाले बताते है कि परम सौभाग्य का विषय है कि 61 वर्ष बाद अंबाह नगर में पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 61 वर्ष पूर्व जब अंबाह में पंचकल्याणक महोत्सव हुआ था तब अंबाह गांव जैसा था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी ने बतौर अतिथि पंचकल्याणक मेले में घोषणा की थी कि नगर को बिजली और पानी की सुविधा दी जायेगी और तभी उसी वर्ष बिजली और नल के जरिये पानी मिलना लोगों को प्रारंभ हुआ था।

## 28 फरवरी तक कंपाउंडिंग प्रकरणों में मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

**मुरैना ।** राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी 2022 तक कंपाउंडिंग (प्रश्मन) प्रकरणों में शुल्क पर 20% की विशेष छूट दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कंपाउंडिंग के लिए सीमा 10 से बढ़ाकर 30% की गई है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के विरुद्ध अधिक निर्माण के प्रश्मन के लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास के माध्यम से भवन अनुज्ञा के लिए संचालित ऑनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम) मैं प्रकरणों के ऑनलाइन प्रश्मन एवं ऑनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। समस्त निकायों को निर्देशित भी किया जा चुका है कि प्रश्मन के प्रकरणों का निराकरण ऑनलाइन एबीपीएएस के माध्यम से ही किया जाना अनिवार्य है। श्री श्रीवास्तव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि अपने जिले के सभी नागरिक निकायों में अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रकरणों का प्रश्मन कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिले में इसका सघन प्रचार प्रसार भी कराएं, साथ ही नगरीय निकायों में कैंप लगाकर भी प्रशमन के प्रकरणों का निराकरण करवाएं। इससे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही छूट से अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकेंगे, साथ ही नागरिक अपने भवन के अवैध निर्माण को वैद्य कराने की कार्यवाही भी करा सकेंगे। नगर निगम के भवन अधिकारी व सहायक यंत्री केके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कंपाउंडिंग निर्माण जो बिना अनुमति के शहर में हुए हैं वह भवन मालिक अपने-अपने मकानों की कंपाउंडिंग ऑनलाइन करवाएं, जिससे कि सभी अवैध मकान वेध हो सके। सहायक यंत्री के के शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भवन कंपाउंडिंग के लिए नगर निगम द्वारा वार्ड वार केंप का आयोजित भी किया जा रहा है।

### पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, किसान बिना बिल के ना खरीदेंः शर्मा

**मुरैना/ पोरसा।** ब्लॉक में खाद की कह कोई कमी नहीं है तथा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और इसके लिए पूर्ण व्यवस्था बनाई गई है, ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो। किसान खाद बिना बिल के ना खरीदें, यह बात कृषि विस्तार अधिकारी वीरेश कुमार शर्मा ने कही है। श्री शर्मा ने बताया कि खाद की कोई किल्लत नहीं है, ब्लॉक की खेती के हिसाब से पर्याप्त खाद मौजूद है। सभी किसान उचित मूल्य पर खाद प्राप्त कर रहे हैं।

व्यवस्था बनाने के लिए गल्ला मंडी में दो स्थानों पर मार्केटिंग सोसायटी नागाजी स्कूल के सामने तथा किर्रायच रोड पर एक स्थान पर बेधड़क कराया जा रहा है। इसके अलावा बाजार में 15 दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद ने बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई



**मुरैना।** विश्व हिंदू परिषद जिला मुरैना द्वारा हमारे देश के महान क्रांतिकारी अमर शहीद श्री बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियो ने ग्राम छोंदा स्थित लोहपीठों की बस्ती जो कि वार्ड क्रमांक 44 के अंतर्गत आती है, वहां पहुंचकर बच्चों के साथ महान क्रांतिकारी स्व. बिरसा मुंडा की जयंती मनाई व बच्चों को पढ़ाई की सामग्री बांटी एवं बिस्किट टॉफी खाने की चीजें एवं फल वितरित किये।

इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओं ने बस्ती के सभी बडे बुजुर्गों को साथ बैठाकर उनको बच्चों को पढाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका भावना जैन ने बच्चियों को समझाया कि अपने शरीर का खयाल कैसे रखना चाहिए, बच्चियों को बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति बच्चियों को गलत तरीके से छूता है तो उनका जोर से चिल्लाकर विरोध करें एवं अपने माँ बाप को बताए, विश्व हिंदू परिषद की सह संयोजिका सरिता गोयल ने बच्चियों की पढाई पर विशेष ध्यान देने की बात की। साथ मे किसी एक होशियार बच्ची जो कि पढना चाहे उसे अपने स्कूल में निःशुल्क शिक्षित करने की बात कही। विश्व हिंदू परिषद के जिला विशेष संयोर्क प्रमुख आनंद गुप्ता ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं साफ सुथरे रहने तथा प्रतिदिन स्कूल जाने की बात कही। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के धर्माचार विभाग प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा ने बच्चो को अमर शहीद विरसा मुंडा जी के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद से धर्माचार विभाग प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा, जिला मंत्री रमाकांत मिश्रा, मातृशक्ति जिला संयोजिका भावना जैन, सह संयोजिका सरिता गोयल, नगर अध्यक्ष कृष्णा सोनी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख आनंद गुप्ता, रवि डंडोतिया जिला गौ रक्षा प्रमुख, विजय भारती नगर मंत्री एवं गोपी गौर आदि सदस्य उपस्थित हुए ।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खण्ड कैलारस का प्रभावी पथ संचलन निकला

**कैलारस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कैलारस का पथ संचलन कार्यक्रम थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर मैन रोड पुरानी सब्जी मंडी, अशोक गली, अंबेडकर मार्ग, शास्त्री मार्ग, मेन रोड से सरस्वती शिशु मंदिर डोगरपुर पर समाप्त हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संजीव मिश्र विभाग कार्यवाहक का उद्बबोधन हुआ। इसमें प्रमुख रूप से उदय भान सिंह जादौन जिला संघचालक, कुलदीप भारद्वाज जिला कार्यवाहक, दिनेश बंसल खंड संघचालक, भगवती प्रसाद दुबे, दीपक ग्वालियर, सुधीर शर्मा, भागीरथ शर्मा, कैलाश शर्मा अनिल शुक्ला, प्रदीप भारद्वाज अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सेकडो की संख्या में स्वयं सेवको ने पथ संचलन में भाग लिया।

## वसूली में लगे कर्मचारी शत-प्रतिशत करें वसूलीः संजीव जैन

### दिए गए टारगेट से कम वसूली पर काटा जाएगा वेतन।



**मुरैना।** नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने शनिवार की दोपहर को नगर निगम कार्यलय में राजस्व शाखा के सभी अधिकारी कर्मचारी कर संग्राहक साथ बैठक की बैठक में संपत्ति कर की समीक्षा की गई। समीक्षा में निगम आयुक्त ने पाया कि शहर में संपति कर वसूली काफी कम हो रही है, जिससे कि निगम की माली हालत दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है। जो काफी चिंता का विषय है। इस दौरान निगम आयुक्त संजीव जैन ने राजस्व के अमले को निर्देशित किया कि संपत्ति कर वसूली का सप्ताह वार प्लान टारगेट तैयार कर वसूली करें यदि कोई भी राजस्व निरीक्षक अपना टारगेट पूरा नहीं कर पाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी और उसे बख्शा नहीं जाएगा। संजीव जैन ने सख्त लहजे में यह भी कहा कि अगर टारगेट से कम वसूली हुई तो संबोधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित कर उसे सेवा से बर्खास्त भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वसूली हेतु सभी वार्ड में अलग-अलग जगह पर दल गठित कर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें कि शहर के बकाया दार केंप में पहुंचकर अपना बकाया कर जमा करें यदि कोई बकाया दार कर जमा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई भी करना पड़े तो करें।

## शक्कर कारखाना को बेचने का माकपा व किसान सभा ने किया पुरजोर विरोध



**कैलारस।** अंततः मध्य प्रदेश सरकार ने जिले के सबसे बड़े शक्कर कारखाने को बेचने का निर्णय कर दिया है। शक्कर कारखाना को बेचने के निर्णय का माकपा व किसान सभा ने पुरजोर विरोध किया। प्रदेश सरकार के पोर्टल पर यह निर्णय अपलोड कर दिया गया है। ओफसैट कीमत 84 करोड़ रखी गई है। एक ओर शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री ने शक्कर कारखाना को कई बार चलाने की घोषणाऐं और वायदे किए है। लेकिन अब आप घोषणा और वायदों से मुकरते हुए इस कारखाने को बेचा जा रहा है।

मार्क्सवादी पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी एवं मध्य प्रदेश किसान सभा के वरिष्ठ नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा है कि होने को तो जिले का औद्योगिकीकरण होना चाहिए था, जो नहीं हुआ। दूसरी ओर जिले के सबसे बड़े शक्कर मिल को चलाने के बजाय सरकार ने बेचने का निर्णय लिया है। यह जिले के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज किया जाएगा। नेता द्वय ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है। साथ ही कहा है कि शक्कर मिल का जो मूल्यांकन 84 करोड़ का किया गया है, वह बहुत ही कम आकलन है। इसके लिए कमेटी गठित करके इसमें किसान और कर्मचारियों के प्रतिनिधि भी रखी जाए, दोबारा से मूल्यांकन कराया जाए। साथ ही वामपंथी नेताओं ने कहा है कि इस सरकार को कर्मचारियों के 30 करोड़ और किसानों के करोड़ भुगतान की जवाबदारी लेनी चाहिए। जब सरकार भुगतान का सवाल आता है तब कोऑपरेटिव को आगे करती है और जब ओने पौने दाम में कारखाने को बेचने का सवाल आया है तो सरकार ने अपनी ओर से निर्णय करके और कारखाने को पोर्टल पर बिक्री हेतु घोषित किया है। यह अत्यंत जनविरोधी और क्षेत्र के क्षेत्र की जनता को बर्बाद करने का निर्णय है। यह निर्णय वापस होना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी जागरूक नागरिकों, किसानों, श्रमिकों, बुद्धिजीवियों, देशभक्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस कारखाने को बचाने के लिए और चलाने के लिए क्षेत्र का औद्योगिकीकरण कराने के लिए आगे आए और सरकार को बाध्य करें। सरकार को जनता की संपत्ति को बेचने का कोई अधिकार नहीं है।

# शिक्षित समाज से ही विकास के द्वार खुलेंगे : भारत सिंह कुशवाहा

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*
9826576206

***कुशवाहा समाज से जुड़े प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं समाजसेवियों और ग्राम पंचायतों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सरपंच को किया सम्मानित***

**भिण्ड ।** प्रदेश सरकार में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि हमारा समाज ठीक तरह से शिक्षित होगा जो सरकार, समाज और संगठन को समझेगा और शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षित होगा, इससे ही हमारे समाज का विकास होगा और उन्नति की ओर आगे बढ़ेगा ।मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं बनाई है जिसका समाज को लाभ लेना चाहिए द्य यह उद्गार उन्होंने एक्टिव युवा कुशवाह महासभा के तृतीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत गार्डन में समाज के युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य उन्होंने कहा कि मैं समाज से जुड़े प्रतिभावान बच्चों को अपने मूल वेतन से 2 माह का वेतन पुरस्कार स्वरूप देता हूंद्य

विकासखंड इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस सिंह भदौरिया की मांग पर मेहगांव विकासखंड के उत्थान का आश्वासन भी दिया और जल्दी ही क्षेत्र को शासन की योजना में शामिल कर लिया जाएगा द्य

इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि मैं कुशवाहा समाज का हमेशा ऋणी रहूंगा जिन्होंने मुझे विधानसभा उपचुनाव में मेरा साथ देकर क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी सौंपी और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूत करने का काम किया द्य

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा कुशवाहा समाज के साथ अन्याय करती रही है और उनके वोट बैंक पर राजनीति कर समाज के साथ धोखा किया और भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज से जुड़े सर्व समाज के लिए सत्ता और संगठन और छात्र छात्राओं को 27त्न आरक्षण देकर उन्हें गौरवान्वित करने का काम किया है द्य



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि कुशवाहा समाज भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़कर मजबूत करने का काम करें । भारतीय जनता पार्टी ऐसा राजनीतिक दल है जिन्होंने ओबीसी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की योजना बनाई हैद्य

उन्होंने कहा कि पृथ्वीपुर विधानसभा चुनाव में भारत सिंह कुशवाहा और मुझे पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने उपचुनाव में जिम्मेदारी दी थी वहां मैंने पूरी ताकत के साथ समाज को संगठित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाजपा सुखपाल यादव को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर कांग्रेस का उल्टा चित्र उजागर किया और सारा समाज और भाजपा के साथ जोड़कर मजबूत करने का काम कर रहा हैद्य

पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कुशवाहा समाज संगठित होकर भाजपा को मजबूती देते हुए शिक्षा के क्षेत्र पर अपने बच्चों को आगे बढ़ाने का काम करें क्योंकि समाज में जो फैली कुरीतियां है उन्हें दूर करने का नेतृत्व हमारे समाज के युवाओं पर है जब हम शिक्षित होंगे तो समाज को अपनी शक्ति के साथ लोगों को जागृत करेंगे और वही हमारी आगे आने की ताकत बनेंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री भारत सिंह कुशवाहा, राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे । भाजपा नेता राजकुमार सिंह कुशवाहा पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने एक्टिव युवा समाज द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों एवं छात्र छात्राओं को अच्छे नंबरों पर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया द्य

कार्यक्रम का संचालन युवा एक्टिव कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष का नाम राजेश सिंह कुशवाह ने किया और वही अतिथियों ने महात्मा एवं सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ ज्योतिबा राव फुले ने कियाद्य

मध्य प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभात भारत सिंह कुशवाह ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कांग्रेस को सुबह समाज को अपना हितैषी समझती थी, उसने समाज के साथ हमेशा से तुष्टीकरण की नीति की सन 2003 से 2013 तक कुशवाहा समाज से जुड़े किसी भी व्यक्ति को विधानसभा लोकसभा जिला पंचायत नगरी निकाय चुनावों में टिकट ना देख कर समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा और अपने निजी स्वार्थ के लिए लोगों को टिकट देकर समाज के साथ हमेशा धोखा करने का कार्य किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ऐसी सरकार है जिन्होंने केंद्र में प्रदेश में सत्ता और संगठन और नगरीय निकाय से लेकर के छोटे से चुनावों में कुशवाहा समाज को मान सम्मान देने का काम और उन्हें टिकट देने का कार्य कर उन्हें समाज के साथ नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है द्य मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री भारत सिंह कुशवाहा ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि कमलनाथ और कांग्रेस के नेता हमेशा समाज और जनता को झूठा भ्रमित करने का काम करते हैं।

## वन-टू-वन

### दानपात्र संगठन ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस



रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

**बालाघाट ।** मानवीय समाज तभी आगे बढ़ सकता हैं, जब बच्चों को बुनियादी शिक्षा की राह पर अग्रसर कर शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति करा सकें। बालदिवस के अवसर पर जिला बालाघाट में दानपात्र संगठन द्वारा शिक्षा के प्रति समर्पित जरूरतमंद 90 बच्चों को शैक्षणिक आवश्यक स्टेशनरी सामग्री (कॉपी, पेंसिल, पेन, कम्पास-बॉक्स, पानी-बोतल, टिफ़िन) आदि देकर सहयोग किया गया। शिक्षा के प्रति सहयोग व प्रोत्साहन निरंतर जारी रहेगा - दानपात्र संगठन दानपात्र संगठन बालाघाट ने आम लोगों से अपील की है कि उपयोग में ना आ रहीं घर की चीजे जैसे पुरानी पुस्तके,कपड़े,खिलौने, जन्मदिन, एनिवर्सरी या पुण्यतिथि में भोजन दान (कच्चा/ पका हुआ) सेनेटरी पैड , रक्तदान इस के अलावा आप अपनी इक्छा से जरूरी चीजें दान कर सकते हैं। कई जरूरतमंदो को मदद का इंतजार है, लोगों के सहयोग से दानपात्र संगठन बालाघाट आपकी मदद को निःशुल्क जरूरतमंद के द्वार पहुंचाएगा।

### सुधीर गर्ग %गुड्डू भैया%ने खेरागढ़ में बच्चों संग मनाया बाल दिवस



रिपोर्टर संजय सिंह तोमर
पुष्पांजली टुडे

**खेरागढ़-** बाल दिवस के अवसर पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुधीर गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा गर्ग जिलाउपाध्यक्ष महिला मोर्चा,भाजपा ने कस्बा खेरागढ़ में छोटे छोटे बच्चों संग बाल दिवस मनाया।पूर्व जिलापंचायत सदस्य ने कहा कि राष्ट्र की असली ताकत और समाज की नींव हैं बच्चे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाल दिवस का महत्व बताया,छोटे छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में सूरज शर्मा भाकरिया, नवीन राजावत,करन शर्मा, प्रमोद राजपूत, धीरज वार्ष्णेय आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### थाने के पास किराने की दुकान पर चोरो का धावा, लगभग 60,000 का माल उड़ाया



दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

नगर दबोह में इन दिनों चोरो का बोल बाला है क्योंकि आये दिन चोर दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं।दरअसल मामला दबोह थाने से लगभग 100 मीटर के अंतराल में चोरो ने बीती रात हाथ साफ कर दिए।दरअसल किराना व्यापारी रविन्द्र गुप्ता की किराना दुकान थाने के पास संचालित है।व्यापारी ने बताया कि जब वह रविवार की सुबह दुकान खोलने आये तो उन्होंने दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा देखा और फिर टीन सेट की ओर देखा तो वह ऊपर से खुला हुआ था।फरियादी रविन्द्र कुमार ने बताया कि चोरो ने पहले दुकान के मुख्य गेट पर अपने औजार चलाएं जब वह नही खुला तो उन्होंने छत की टीन सेट से अपनी जगह बनाई और वहीं से दुकान का लगभग 60,000 तक का माल उड़ा ले गए।

## पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह उनकी संगठनात्मक शक्ति और एकता को दर्शाता है

**ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में सुन्दरकाण्ड पाठ एवं अन्नकूट का आयोजन**

**ग्वालियर ।** दीपावली देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है, पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह उनकी संगठनात्मक शक्ति और एकता को दर्शाता है। ग्वालियर प्रेस क्लब की समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में उल्लेखनीय भूमिका है। यह बात ग्वालियर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने प्रेस क्लब में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में कही।



यह जानकारी देते हुये मध्य प्रदेश पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष हरिश चन्द्रा ने बताया कि दीपावली के अवसर पर ग्वालियर प्रेस क्लब एवं मध्य प्रदेश पत्रकार संघ के तत्वावधान में पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट का आयोजन शनिवार को ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में आयोजित किया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ से की । इस समारोह में मध्य पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र माथुर, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल,राकेश पाठक, बालेंदु मिश्रा, सुरेश दण्डोतिया,गुरशरण सिंह ,प्रदीप तोमर,प्रदीप मांढरे,जोगेन्द्र सेन, हरीश उपाध्याय,प्रवीण दुबे, राजेन्द्र तालेगांवकर, मुकेश सक्सेना, दिनेश राव, संजय त्रिपाठी, ब्रजमोहन शर्मा, अजय रावत, रमन पोपली, मनीष शर्मा, राज लखन , रवि शेखर, परेश मिश्रा, श्याम पाठक, अनिल पटेरिया, संजय बौहरे,प्रदीप बौहरे, अरविन्द माथुर, चेतेन्द्र माथुर, प्रदीप शास्त्री, चंद्रेश गर्ग, रामकिशन कटारे, दीपक तोमर, फूल सिंह मीणा, राकेश भारती, हरपाल सिंह चौहान, प्रशांत शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, गोपाल त्यागी, गिर्राज त्रिवेदी,संदीप सिंह सिकरवार, राजेश कुमार शर्मा, गौरव शर्मा ,अभिषेक शर्मा, मनीष नायक इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष राज दूबे, विनोद शर्मा, सुनील पाठक,नासिर गौरी, जावेद खान, विनोद शर्मा न्यूज़ स्टेट, शैलेंद्र भदौरिया पदम सिंह सेंगर मनोज चौबे, करण मिश्रा ,रमन शर्मा, अमित श्रीवास्तव, अंकुर जैन राजीव गुप्ता संजय चंदेल राकेश झा ,पवन पाल , अजय उपाध्याय, अनिल शिवहरे , उपेन्द्र तोमर, मचल सिंह, हरीश दुबे , विष्णु अग्रवाल,संजय भटनागर, राजेश जायसवाल , विक्रम प्रजापति, मुकेश बॉथम, जयदीप सिकरवार,राकेश वर्मा, रघुवीर कुशवाह, शशिभूषण पांडे,संतोष पाराशर, कैट के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जनसम्पर्क विभाग के अपर संचालक जीएस मौर्य,जनसम्पर्क अधिकारी मधु सोलपुरकर ,हितेंद्र सिंह भदौरिया, लक्ष्मीनारायण गुलाटी उपस्थित थे।

## दबोह में विशाल शोभा यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**गाजे बाजे के साथ निकली विशाल कलश यात्रा में धर्मप्रेमी हुए शामिल**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

दबोह नगर में पाराशर परिवार द्वारा सात दिवशीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 14 नबम्बर 2021 से 21 नबम्बर 2021 तक किया जा रहा है।जिसकी कलश यात्रा रविवार दिनांक 14 नबम्बर 2021 को कथा स्थल से शुरू होकर सम्पूर्ण नगर की परिक्रमा करते हुए ढोल ढमाके डीजे घोड़े गाजे के बाजे के साथ माँ रणकौशला देवी मन्दिर परिसर की प्राचीन बाबड़ी कलशों से जल भरकर बेद मन्त्रोच्चारण व् कलश पूजन बिधि बिधान से किया गया।फिर महिलाओ द्वारा सिर पर कलश रखकर कथा स्थल दबोह के लिये पैदल प्रस्थान किया गया।तदोपरांत कलश यात्रा पुनः अपने चिन्हित स्थान कोंच रोड हनुमानजी मन्दिर के पास पहुँची।इस दौरान माँ रणकौशला देवी की असीम कृपा से कलश यात्रा विशाल रही जिसमे कई सैंकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुये।यहां बता दें कि कथा के प्रथम दिवस कथा ब्यास आचार्य पंडित हरगोविन्द बाजपेयी हरीबोल कुटीर हरिद्वार उत्तराराखण्ड के द्वारा सभी भक्तो को श्रीमद भागवत कथा का रस पान कराया गया व कथा में पारीक्षत के रूप में श्रीमती सुमन-डॉ एच.एन पाराशर अरुशी वाले हाल निवास दबोह हैं।



### फर्जी रजिस्ट्री के विरोध में महिला अपनी दो लड़कियों को चड़ी पानी की टंकी पर

अनिल कुशवाह ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**शिबपुरी -** खबर शिबपुरी में मनियर पुराने टोल के पास बनी टंकी पर आज दोपहर को एक महिला मीना कुशवाह अपने दोनों लड़कियों को लेकर पानी की टंकी पर चड गई महिला ने बताया कि मेरा पति लक्ष्मण कुशवाहा पुत्र श्री देवी लाल कुशवाह निवासी पोहरी बायपास जो कि नशे के आदि थे उनको इलाज हेतु नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया लेकिन हल्का पटवारी दीपक धाकड़ जो नोहरी में पटवारी रहा है एवं उसका रिस्तेदार रंजीत धाकड़ एवम मनोज कुशवाह एवम बिट्टू रावत द्वारा उसे नशा मुक्ति केंद्र से निकल कर उनके भूमि स्वामी अधिपत्य की भूमि स्वामी सर्वे नंबर 175 बटा 7/6 के बाकी भूमि 1200 वर्ग मीटर को रंजीत सिंह धाकड़ पुत्र श्री कन्हैया लाल धाकड़ निवासी ग्राम सिंघाड़ा एवं इसी सर्वे नंबर की भूमि को श्रीमती भागवती धाकड़ पत्नी श्री चंदन सिंह धाकड़ निवासी नवाब साहब रोड शिवपुरी के नाम रजिस्ट्री पति को नशा पता करा कर अपने हित में कराने प्रार्थनीय द्वारा विरोध करने पर उक्त पटवारी एवं उसके साथियो द्वारा घर में घुस कर जान से मारने की धमकी जा रही थी।

## जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने प्रभारी एवं सह प्रभारी किये नियुक्त

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*
9826576206

***कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पांचों विधानसभा के प्रभारी एवं सह प्रभारी को सौंपी जिम्मेदारी***

**भिण्ड।** भाजपा की कुरूतियों एवं जन विरोधी नीतियों से जन-जन को अवगत कराने के लिए मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशन में पूरे प्रदेश भर में जन जागरण का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जन जागरण के प्रभारी पूर्व मंत्री पी सी शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।उसी अभियान को सफल बनाने के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर रविवार को जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए पांचो विधानसभा में प्रभारी एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारियां सौंपी।इसी क्रम में भिंड विधानसभा की प्रभारी की जिम्मेदारी निश्चल शर्मा उर्फ बॉबी शर्मा को सौपी गई वही सह प्रभारी राहुल सिंह कुशवाहा एवं ममता मिश्रा को बनाया गया। लहार विधानसभा में प्रभारी संदीप मिश्रा अध्यक्ष सेवा दल को नियुक्त किया गया।एवं सह प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू भारौली को बनाया गया।अटेर विधानसभा में प्रभारी विवेक पचौरी को बनाया गया वही सह प्रभारी की जिम्मेदारी विनीत उर्फ बंटी शर्मा, एवं धर्मेंद्र उर्फ रानू भदौरिया को सौपी गई।गोहद विधानसभा में प्रभारी राजीव कौशिक एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारी कुलदीप गुर्जर,पिंकी उच्चारिया, डॉ रणवीर यादव को सौंपी गई।मेहगांव में प्रभारी वीरेंद्र यादव को नियुक्त किया गया।वही सह प्रभारी रेखा भदोरिया को बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने जिम्मेदारियां सौंपने के पश्चात सभी को निर्देशित किया कि जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास करें एवं भाजपा की सरकार में बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी किसानों की परेशानी एवं अन्य कई सारे मुद्दों से जन-जन को अवगत कराने का काम करे। वही सभी प्रभारियों एवं सह प्रभारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा भाव से निभाने का आश्वासन दिया।



### मौ ब्लॉक से हुई जन जागरण अभियान की शुरुआत

जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जन जागरण यात्रा शुरू की गई।यह जन जागरण अभियान की शुरुआत देहगांव मंडल के ग्राम महुआरी से की गई जन जागरण यात्रा में मौ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप यादव राजीव कौशिक,रणवीर सिंह यादव,बहादुर सिंह यादव,सुचेंद्र सिंह राणा,दिनेश सिंह यादव,जागेश सिंह यादव,अवधेश प्रजापति लोकेंद्र यादव आकाश यादव मनोज यादव एवं राकेश यादव आदि ने जन जागरण अभियान को सफल बनाकर लोगों को भाजपा की किसान विरोधी नीतियों से अवगत कराया।

## कांग्रेस ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
*दैनिक पुष्पांजली टुडे*
9826576206

**(कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने दिलाई एक दर्जन से अधिक बालको को बाल कांग्रेश संगठन में सदस्यता)**

**भिण्ड।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने बाल कांग्रेस का शुभारंभ किया। इसकी स्थापना के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री बाला बच्चन को बाल कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य और बाल कांग्रेस के प्रभारी पूर्व मंत्री बाला बच्चन की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभाकक्ष में रविवार को बाल कांग्रेस संगठन का शुभांरभ किया।इस अवसर पर कमलनाथ ने 16 से 20 वर्ष की आयु के युवाओं को बाल कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्र भारत की नीव रखने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री,बाल हितेषी,नेहरु चाचा के नाम से विश्व विख्यात पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।बता दें कि दुनिया भर में बाल दिवस अलग अलग तिथियों को मनाया जाता है।लेकिन भारत में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन, 14 नवंबर, को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था।और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे।कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने एक दर्जन से अधिक बालकों को बाल कांग्रेस संगठन में सदस्यता दिलाई।उन्हें बाल कांग्रेस संगठन से जोडकर कांग्रेस संगठन में ''नेता तुम्ही हो कल के'' भविष्य की परिकल्पना और कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला है।बाल कांग्रेस के गठन का उद्देश्य कांग्रेस की मूल विचाराधारा से बताना, देश के विकास में कांग्रेस के योगदान के बारे में जानकारी देना है। पार्टी का मानना है।कि जब बच्चों को कांग्रेस के इतिहास के बारे में जानकारी होगी तो वह सोशल मीडिया पर चलने वाली फर्जी जानकारी को पहचान सकेंगे और दूसरों को सही जानकारी दे सकेंगे। साथ ही कांग्रेस के लिए भविष्य में अच्छे नेता तैयार होंगे।बाल कांग्रेस अगले 1 साल में 5 लाख सदस्य जोड़ेगी। इन सदस्यों की उम्र 16 वर्ष से 20 वर्ष के बीच होगी। बाल कांग्रेस का स्वरूप सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन का होगा।



**बाल कांग्रेस संगठन से बालक जानेंगे कांग्रेस का इतिहास**

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस बाल कांग्रेस में बालक कांग्रेस के इतिहास को जानकर उन तमाम झूठे प्रचार का जवाब देने का काम करेंगे।जिसमें 70 साल की नीतियों को अक्सर बहुत ही विकृत तरीके से पेश किया जाता है। बाल कांग्रेस नई पीढ़ी को देश के विकास की सच्ची कहानी से अवगत कराएगी और उन्हें परोसे जा रहे झूठ से आजाद कर आएगी।देश का नौजवान इस समय बेरोजगारी गरीबी और अशिक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। देश का मौजूदा नेतृत्व इन सारे प्रश्नों को हल करने में नाकाम है और सिर्फ सांप्रदायिक आधार पर देश को विभाजित करने में लगा है। मौजूदा नेतृत्व जानबूझकर नौजवानों को भावनात्मक मुद्दों में भटकाता है। और उन्हें अपने भविष्य का निर्माण करने से रोकता है।

# रानी कमलापति की यादों को ताजा कर देता है महल



**भोपाल।** देश का पहला वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन हबीबगंज अब रानी कमलापति के नाम से जाना जाएगा। केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार के स्टेशन का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सवाल ये है कि, आखिर रानी कमलापति पर हबीबगंज स्टेशन का नाम रखने के पीछे क्या वजह है। रानी कमलापति का भोपाल से जुड़ा इतिहास क्या है।

राजधानी भोपाल में रानी कमलापति का महल आज भी मौजूद है, भले ही इस महल की दीवारें जीर्णशीर्ण हो गई हों, लेकिन छोटी झील के ऊपर बना यह महल रानी कमलापति की यादों को आज भी ताजा कर देता है।

रानी कमलापति का महल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन है. इस महल के बारे में बताया जाता है कि यह महल परमार राजा भोज द्वारा भोपाल ताल के पूर्वी प्राचीन बांध के ऊपर बनाया गया है, जो भोज पाल के नाम से भी जाना जाता है। कालांतर में इससे वर्तमान भोपाल का प्रादुर्भाव हुआ. सन 1722 में गिन्नौरगढ़ के शासक निजाम शाह की विधवा रानी कमलापति द्वारा इसे बनवाया गया था. इस स्थान के पश्चिम छोर के नजदीक स्थित पहाड़ी पर फतेहगढ़ किले के अवशेष हैं, जिसे भोपाल के पहले शासक सरदार मोहम्मद खान द्वारा निर्मित करवाया गया था, जिन्हें आधुनिक भोपाल की स्थापना का श्रेय भी जाता है।

## ये है रानी कमलापति का इतिहास

16वीं सदी में भोपाल गोंड शासकों के अधीन था. उस समय रानी कमलापति का विवाह गोंड राजा सूरज सिंह शाह के बेटे निजाम शाह से हुआ था. सन 1710 में भोपाल की ऊपरी झील के आसपास का क्षेत्र भील और गोंड आदिवासियों ने बसाया था. तत्कालीन गोंड सरदारों में निजाम शाह सबसे मजबूत माने जाते थे. रानी कमलापति ने अतिक्रमणकारियों डटकर सामना किया था।

## लाखोरी ईंटों से बना है

यह महल नगर में 18 वीं सदी में निर्मित तत्कालीन राज्य की स्थापत्य कला का सर्वोत्तम उदाहरण माना जाता है. इस दो मंजिल महल के निर्माण में लाखोरी ईंटों का प्रयोग किया गया है, जिसका ऊपरी भाग मेहराबों तथा कमल की पंखुड़ियों से अलंकृत स्तंभों पर आधारित है. महल में सामने की ओर छज्जे बनाए गए हैं. इस महल को भारतीय पुरातात्विक स्मारक के रूप में भारत सरकार द्वारा 1989 में संरक्षित घोषित किया गया और तभी से यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अधीन है।

# नये एसएनसीयू में गंभीर नवजात बच्चों का इलाज शुरू

**भोपाल।** कमला नेहरू अस्पताल के दुर्घटना ग्रस्त एसएनसीयू और पीआईसीयू को दुर्घटना होने के तैयार कर गंभीर नवजात बच्चों का इलाज प्रारंभ कर दिया गया है। संभागायुक्त गुलशन बामरा ने निर्देश दिए थे कि नया एसएनसीयू पीआईसीयू जल्द से जल्द तैयार किया जाए। एचओडी पीडियाट्रिक्स ल डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव ने बताया कि गंभीर नवजात बच्चों को इलाज की कार्य युद्ध स्तर पर किया गया।







भोपाल के जम्बूरी मैदान में जनजाति गौरव दिवस समारोह की तैयारियों जोरों पर है। मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य के लगे कटआउट एव हेलिकॉप्टर से रिहर्सल हो रही है।

### जनजातीय गौरव दिवस पर कल आएंगे भोपाल

# कई अहम घोषणाएं करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को भोपाल का दौरा करेंगे. इस दौरान वे कई अहम घोषणाएं भी करेंगे। इनमें राशन आपके द्वार योजना का शुभारंभ, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकर शाह करना, मध्य प्रदेश औषधि पादप और देवारण्य औषधीय पादप बोर्ड गठन का ऐलान, सामुदायिक वन प्रबंधन का अधिकार आदिवासी समाज को देना, पंचायत पेसा एक्ट नए नियमों के साथ प्रदेश में लागू करना, आदिवासी विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से हृश्वश्वञ्ज और जेईई मेंस की परीक्षा की तैयारी के लिए स्मार्ट क्लासेस शुरू करना सहित कई योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. प्रधानमंत्री की आंतरिक सुरक्षा के पहले घेरे में स्क्क्त कमांडो रहेंगे. इसके बाद मध्य प्रदेश एटीएस के कमांडो तैनात किए जाएंगे।

इन एजेंसियों के अलावा सेंट्रल पैरामेलेट्री फोर्स के जवान



सुरक्षा घेरा बनाएंगे. पुलिस को हॉक फोर्स कमांडो भी दिए गए हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियां अलर्ट हैं. स्क्क्त ही सभी सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देगी. प्रधानमंत्री की सुरक्षा में 2-आईजी, 5-डीआईजी, 20-एसपी, 35-एएसपी सुरक्षा संभालेंगे।

### सीएम ने दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि राज्य के दूर दराज के जिलों से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के साथ एक एम्बुलेंस भी हो. भाजपा के सूत्रों के अनुसार पार्टी इस आयोजन में ढाई लाख आदिवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है. इधर, कांग्रेस विधायक और आदिवासी नेता हीरालाल अलावा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चौहान प्रधानमंत्री मोदी के प्रचार के लिए किए जा रहे इस आयोजन पर आदिवासियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास की बजट राशि का उपयोग कर रहे हैं।

### आदिवासी परंपरा से होगा प्रधानमंत्री का स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को दोपहर 12.33 बजे राजाभोज विमानतल पहुंचेंगे। यहां से प्रधानमंत्री जी हेलीकॉप्टर द्वारा जंबूरी मैदान पहुंचेंगे। जंबूरी मैदान में जनजातीय भाई बहन पारंपरिक समूह नृत्य के माध्यम से प्रधानमंत्री जी अगवानी करेंगे। जिसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजातीय समाज के क्रांतिकारियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। साथ ही जनजातीय बहनों के सेल्फ हेल्प ग्रूप द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन करेंगे।

## प्रधानमंत्री को अमृत माटी कलश भेंट किया जाएगा

### बिरसा मुंडा की जंयती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 15 से 22 तक होंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमृत माटी कलश भेंट किया जायेगा। इस कलश में प्रदेश के 75 चयनित स्थानों जहां पर आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले महापुरूषों की जन्मभूमि, बलिदान भूमि एवं उनके जीवन से जु? स्थानों की माटी शामिल होगी। 15 नवंबर को होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरणों में है। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से लाखों की संख्या में जनजातीय भाई बंधु अपनी सांस्कृतिक परंपरा और पारंपरिक वेशभूषा के साथ गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### भोपाल शहर के आसपास 12 शहरों में आंगुतकों की व्यवस्था

जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश के सभी स्थानों से जनजातीय बंधु शामिल होने भोपाल आ रहे है। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गयी है। भोपाल शहर के आसपास 12 शहरों में गौरव दिवस में शामिल होने वाले आंगतुकों के ठहरने और भोजन, चाय की व्यवस्था की गयी है। आंगतुक कार्यक्रम की पूर्व रात्रि विश्राम करेंगे एवं प्रातः कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

## कोविड टीकाकरण का अभिलंब भुगतान हेतु आशा कार्यकर्ताओं ने एस.डी.एम लहार को सौंपा ज्ञापन



**माँ ने बच्चों को उठाने से किया परहेज पर आशा कार्यकर्ताओं ने संभाला कोरोना मरीजों को फिर भी नही हुआ भुगतान**

**लहार (अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

देश के साथ प्रदेश में भी जनवरी माह से कोरोना बैक्सीनेशन अभियान मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा 28 जनवरी 2021 को जारी निर्देशानुसार आशा कार्यकर्ताओं की ड्यूटी प्रत्येक ग्राम नगर एवम वार्ड स्तर पर लगाई गई।जिसमें आशा कार्यकर्ताओं ने आदेशो का पालन उस परिस्थितियों में किया जब मां अपने बच्चों को उठाने में परहेज कर रही थी पर आशा कार्यकर्ताओं ने कोई भेदभाव न करते हुए अपना कार्य बड़े ही बखूबी ढंग से निभाया पर सभी प्रकार के कार्य करने के बाद भी आशा कार्यकर्ताओं का आज तक भुगतान नही किया गया।जिसको लेकर आशा कार्यकर्ता कई बार बरिष्ठ अधिकारियों के दरबाजे खटखटा चुकीं है पर किसी ने आज तक उनकी कोई सुध नही ली उसके बाद आशा उषा सहयोगिनी कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी कौरव की मौजूदगी में आशा कार्यकर्ताओं ने परेशान होकर एस.डी.एम लहार आर.ए प्रजापति को ज्ञापन सौंपा एस.डी.एम महोदय ने आशा कार्यकर्ताओं को उनकी बात बरिष्ठ अधिकारियों तक पहुचाने का अस्वाशन दिया है।

# 'देवउठनी एकादशी '

### यूं तो साल भर में जितनी भी एकादशी आती हैं, उन सभी का अपना-अपना महत्व है, परंतु कार्तिक मास में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी का कुछ विशेष ही महत्व होता है।

इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की नींद से जागते हैं। इसलिये इस दिन को देवउठनी एकादशी या देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। भगवान विष्णु की चार महीने की वर्षा ऋतु का शयन अल्प निद्रा की अवधि होती है और उनके भक्तों के लिए उनकी भक्ति का परम समय भी होता है। भगवान विष्णु के शयन व उत्थान के उत्सव को आनंदपूर्वक आयोजित करके लोग मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करते हैं, ताकि घर में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा से कभी भी किसी तरह के धन-धान्य की कमी ना रहे।

कैसे प्रारंभ हुआ एकादशी व्रत? भगवती एकादशी कौन है, इस संबंध में पद्म पुराण में कथा है कि एक बार पुण्यश्लोक धर्मराज युधिष्ठिर को लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ने समस्त दुःखों, त्रिविध तापों से मुक्ति दिलाने, हजारों यज्ञों के अनुष्ठान की तुलना करने वाले, चारों पुरुषार्थों को सहज ही देने वाले एकादशी व्रत करने का निर्देश दिया। इस व्रत को करने से जीवन के सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं और उपवास करने वाला दिव्य फल प्राप्त करता है। अत- सभी भक्तों



को एकादशी व्रत के नियमों को अवश्य अपनाना चाहिए।

देवउठनी एकादशी के दिन ही तुलसी विवाह किया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। इस दिन से शुभ या मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह कराने वालों पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा रहती है। मान्यता है कि तुलसी विवाह करने से कन्यादान के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। भगवान शालीग्राम और माता तुलसी का विवाह कराने से वैवाहिक जीवन सुखी रहता है। महिलाएं सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत-पूजन करती हैं।

### एकादशी के दिन क्या करें और क्या न करें...

(1)एकादशी के दिन क्रोध ना करे और मीठी वाणी बोलिये।

( 2 ) एकादशी का व्रत-उपवास करने वालों को दशमी के दिन ही तामसिक भोजन यानी लहसुन, प्याज, मसूर की दाल आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।

(3)व्रती को पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए तथा भोग-विलास से दूर रहना चाहिए।

तुलसी का पत्ता तोड़ना भी वर्जित है। अत- स्वयं गिरा हुआ पत्ता लेकर सेवन करें।

(4)रात्रि को जागरण और कीर्तन करना चाहिए।

तत्पश्चात %? नमो भगवते वासुदेवाय% इस द्वादश मंत्र का जाप करें।

(5)इस दिन बाल नहीं कटवाना चाहिए।

(6)कम से कम बोले मौन रहे।अधिक नहीं बोलना चाहिए।

(7) इस दिन यथा?शक्ति दान करना चाहिए। किंतु स्वयं किसी का दिया हुआ अन्न आदि कदापि ग्रहण न करें। दशमी के साथ मिली हुई एकादशी वृद्ध मानी जाती है।

(8)वैष्णवों को योग्य द्वादशी मिली हुई एकादशी का व्रत करना चाहिए। त्रयोदशी आने से पूर्व व्रत का पारण करें।

(9)एकादशी (ग्यारस) के दिन व्रतधारी व्यक्ति को गाजर, शलजम, गोभी, पालक, इत्यादि का सेवन नहीं करना चाहिए।

केला, आम, अंगूर, बादाम, पिस्ता इत्यादि अमृत फलों का सेवन करें।

प्रत्येक वस्तु प्रभु को भोग लगाकर तथा तुलसीदल छोड़कर ग्रहण करना चाहिए।

(10)द्वादशी के दिन ब्राह्मणों को मिष्ठान्न, दक्षिणा देना चाहिए।



# रूपावास में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याणअन्न योजना में गेहूं वितरण किया।

**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

पाली निकटवर्ती रूपावास में आजणा पटेल भवन के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिभाई पटेल के नेतृत्व में एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जरूरतमंद कई लोगो को गेहूं बैग किट वितरित किया तथा उसी दौरान बैठक में पटेल ने लोगो को किसान व गरीबों के हित में विभिन्न प्रकार की बारे में विस्तृत जानकारी में संकल्प दिलाया कि हर परिवार सशक्त हो अन्न हो और संकट के समय में भी निश्चित हो और इसी पर लोगो को जागृत किया गया इस मौके पर भाजपा ओबीसी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी आंजणा श्री देवी पटेल कुपाराम सिरवी मांगापुरी चंदनपुरी ढलाराम भवरलाल भाटी नरसिंग राम बुधाराम हरिराम गिरधारी लाल सोलंकी देवेंद्र सिंह बालूराम मांगीलाल प्रजापत रमेश पूरी गणेश सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## सीता कड़ेला निम्बाड़ा को रानी लक्ष्मीबाई समर्पण गौरव अवार्ड 2021से पाली जिले की लाड़ली को सम्मानित किया गया

**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली.** सीता कड़ेला निम्बाड़ा को समर्पण संस्था द्वारा राज्य स्तर पर जयपुर के निर्मला



ऑडिटोरियम जयपुर मे कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नीरज डांगी आईएएस सुदर्शन सेठी अध्यक्ष दौलतराम माल्या. पूर्व न्यायधीश उदयचंद बारूपाल के कर कमलो द्वारा बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए पाली जिले मे विशिष्ट कार्य करने पर रानी लक्ष्मीबाई समर्पण गौरव अवार्ड 2021से सम्मानित किया गया!

# आमजन के लिए वरदान साबित होंगे मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविरः-सीएमएचओ

**पहले दिन 4 स्थानों पर लगे कैंप, बलाना में सीएमएचओ डॉ.मिर्धा ने किया शिविर का निरीक्षण**

**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली।** मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविरों का आगाज रविवार को जिले में समारोह पूर्वक किया गया। पाली जिले में पहले दिन चार स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार दिया गया। पहले दिन बलाना ग्राम पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 नवंबर से से 31 मार्च 2022 तक ग्राम पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले की 341 ग्राम पंचायतों पर शिविर के साथ-साथ सभी तहसीलों पर दो मेगा शिविर भी लगाए जाएंगे। अभियान के पहले दिन 14 नवंबर को पाली जिले के खारची ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारची में, देसूरी ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देसूरी, जैतारण ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रास तथा सुमेरपुर ब्लॉक में बलाना ग्राम पंचायत मुख्यालय में शिविर आयोजित किए गए। यह अभियान आमजन को उचित उपचार उपलब्ध करवाने के उद्धेश्य से संचालित किए जा रहे हैं। विशेषकर ग्रामीणजनों



को इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बाल रोग, स्त्रीरोग, नेत्र रोग, दंत रोग, आयुष विशेषज्ञों की उपचार-जांच सेवाओं के अतिरिक्त 48 तरह की खून की जांच, टीबी,लीवर संबंधी रोग, पेट संबंधी, गुर्दा, मलेरिया, ईसीजी, कॉमन कैंसर, प्रसवपूर्व जांचे, सिलीकोसिस व कुष्ठ रोगों इत्यादि गंभीर रोगों की जांच सुविधा भी ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध करवायी जा रही है। इन शिविरों में गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों की पहचान कर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों पर सर्जरी-उपचार के लिए रैफर किया जायेगा। शिविर में इंटरनेट के माध्यम से ई-टेली कंसलटेंसी के जरिए सुपर स्पेशलिटी व स्पेशलिस्टों की ऑनलाईन कंसलटेंसी सेवा के लिए जोड़ा जायेगा।

### सीएमएचओ ने किया शिविर का निरीक्षण-

पाली। मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविरों पहले दिन 4 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए गए। पहले दिन 14 नवम्बर को पाली जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारची, देसूरी, रास और ग्राम पंचायत बलाना में शिविर लगाए गए। इनमें से सुमेरपुर ब्लॉक के बलाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित स्वास्थ्य का सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.मिर्धा ने कहा कि मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर आमजन के लिए वरदान साबित होंगे। उन्होंने बताया कि बलाना गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 476 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार दिया गया। उन्होंने बताया कि ब्लाना में 476 मरीजों में मेडिसीन के 160, डेंटल के 45, स्त्री रोग के 74, शिशु रोग के 119, नेत्र रोग के 45, अन्य 45, एनसीडी जांच 103, टीबी निक्षय के 5, एएनसी 26, बच्चों के टीकाकरण 17, कोविड टीकाकरण 96, आरबीएसके के 54, रेफरल 13, आरटीपीसीआर 30, आरएटी जांच 27, रक्त जांच में हिमोग्लोबिन के 132, टीएलसी व डीएलसी के 90, एमपी के 27, ईएसआर 56, ब्लड ग्रुप 70, शुगर के सेंपल 103, विडाल के 24, आरबीसी 34, पीसीवी 24, स्पूटम 15 तथा शिविर में 476 लोगों को दवा वितरित की गई।

## वन-टू-वन

### टीकाकरण, डेंगू नियंत्रण और स्वच्छता के कार्य में संयुक्त प्रयास जरूरी हैं : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

**हर दिन 50 हजार कोविड टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा ङ्क कलेक्टर श्री सिंह महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित वार्ड मॉनीटरों और जिला अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**



ग्वालियर। कोविड-19 का टीकाकरण अभियान वर्तमान समय का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। 18 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति को कोविड के दोनों टीके लगाया जाना जरूरी है। ग्वालियर जिले में भी टीकाकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। अभियान के तहत अब ÷हर घर दस्तक, घर-घर दस्तक÷ की तर्ज पर कार्य प्रारंभ किया गया है। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने रविवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में यह बात कही। रविवार को कोविड टीकाकरण, डेंगू की रोकथाम और समग्र स्वच्छता अभियान के संबंध में एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया । इस मौके पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले सहित सभी एसडीएम, सभी जिला अधिकारी, निगम के नोडल अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग और टीकाकरण कार्य में लगे टीकाकरण दल के सदस्य उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि टीकाकरण के साथ-साथ डेंगू की रोकथाम और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के अभियान को भी हमें संयुक्त रूप से चलाना होगा। एसडीएम के नेतृत्व में हर अनुभाग क्षेत्र में अभियान के रूप में पूरी ताकत के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। वार्ड स्तर पर वॉड मॉनीटर अभियान का नेतृत्व करते हुए अपनी टीम के माध्यम से कार्य करें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के दौरान की जा रही गतिविधियों की नियमित समीक्षा के लिये प्रतिदिन शाम 6 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा भी की जाएगी।

# अपने अधिकारों के साथ-साथ दायित्वों का निर्वहन भी जरूरी है - प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री पी एन सिंह



उर्वा ग्राम पंचायत में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



ग्वालियर 14 नवम्बर 2021/ आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से भितरवार जनपद के ग्राम पंचातय उर्वा में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री पी एन सिंह थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री गालिब रसूल, एडीएम श्री एच बी शर्मा, अभिभाषक संघ भितरवार के अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह सिकरवार, जनपद पंचायत भितरवार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक शर्मा सहित न्यायाधीशगण एवं विभागीय अधिकारी और ब?ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

विधिक सेवा शिविर के मुख्य अतिथि प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री पी एन सिंह ने इस मौके पर कहा है कि देश के हर नागरिक को नियमों और कानूनों का ज्ञान होना चाहिए। देश के संविधान ने हर नागरिक को अधिकार प्रदत्त किए हैं। इन अधिकारों का बेहतर इस्तेमाल कर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारों के साथ-साथ हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी बखूबी करना चाहिए। देश के विकास के लिये हर व्यक्ति को अपने दायित्वों का निर्वहन करना जरूरी है।

## नेहरू जी के सिंद्धांत पंचशील, भाजपा की सरकारें असंवेदनशीलः डॉ. देवेन्द्र शर्मा



ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज भारत रत्न प्रथम प्रधानमंत्री स्वाधीनता आंदोलन के स्तंभ प. जवाहर लाल नेहरू जी की 132वीं जयंती पर कम्पू स्थित नेहरू उद्यान में नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर नमन कर पुष्पांजली अर्पित की गई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने नेहरू जी के चरणो में नमन करते हुए कहा कि प. जवाहर लाल नेहरू जी ने राजनैतिक आर्थिक समाजिक, मानव कल्याण जनभलाई के लिए पंचशील सिद्धांत की नीति को बनाया जिसमें समानता और जनकल्याण के लिए नीति का पालन करना, शांतिपूर्ण सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता को कायम रखना और संवेदनशील मामलो में तत्काल निर्णय लेकर जनकल्याण करना मगर इसके विपरीत भाजपा की सरकारें देश की अंखडता प्रभुसत्ता संविधान का सम्मान नही कर रही हैं और निरंतर लोकतंत्र के रक्षक दलो पर प्रहार कर रही है हर मामले मे हस्तक्षेप कर शांती को खतरा पैदा कर रही है, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की सरकार संवेदनशीलता से जनहित में कार्य कर रही थी विशेश रूप से आदिवासी गरीब दलित पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक सामान्य गरीबो के लिए काय कर रही थी और पेंशनधारियों की पेंशन तीन सौ रू से एक हजार रू करने जा रही थी, सरकार बदलने के बाद पेंशन वृद्धि रोकी गई और सौ रू में सो युनिट बिजली बंद की गई यह असवेंदनशील सरकार जनविरोधी है।

# फ्रेंड्स एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह हुआ आयोजित

**दिवाली मिलन पर बॉलीवुड थीम पर एक साथ डांस, गाए नए और पुराने गाने**

**दिवाली मिलन समारोह में महिलाओं व बच्चों ने गेम्स खेले।**



ग्वालियर। अए यार सुन यारी तेरी मुझे, जिन्दगी से भी प्यारी है...तेरे जैसा यार कहाँ, कहाँ ऐसा याराना, याद करेगी दुनिया तेरा मेरा अफ़साना..ये दोस्ती हम नहीं तो?ंगेतो?ंगे दम मगर तेरा साथ ना छोडेंगे... ऐसे ही अलग अंदाज में पुराने बॉलीवुड गाने गायक एक दूसरे के गले में हाथ डालकर अपनी मित्रता को याद किया। यह मौके था आज रविवार को ट्रू फ्रेंड्स एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजन मुरार स्थित मदन मोहन मंदिर मे किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ शुभम जैन सैमी द्वारा संगीत भजनों प्रस्तुतियां के साथ किया गया। ग्रुप के सदस्यों द्वारा सोलो सॉन्ग, ग्रुप सॉन्ग, सोलो डांस, ग्रुप डांस, बच्चों के गेम, कपल गेम, आदि खिलाए गए। सभी विजेताओं को प्राइज पुरुस्कार वितरण एवं अन्य आयोजन के साथ साथ अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन सचिव सुशील भदौरिया जी ने एवं आभार अध्यक्ष श्री अभय गांगिल जी ने किया। मिलन समारोह में राजेंद्र साहू, राजीव बंसल, सुनील पाल, ब्रजेश अग्रवाल, नरेंद्र चंदोलिया, दिलीप जैन, राकेश गोयल, पंकज मित्तल, विवेक गुप्ता, विक्रम दंडोतिया, देवेंद्र कुशवाह, दीपक गुप्ता, के के गुप्ता, पवन बांदिल, संजीव मित्तल एवं रूपेश शर्मा सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए।

## विधायक डॉ. सिकरवार ने डामरीकरण रोड का भूमिपूजन किया



ग्वाल्यिर। 16 ग्वाल्यिर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्र.57 में शीतलसहाय चौराहे से नाका चंद्रबदनी तिराहा तक और नाका चंद्रबदनी तिराहे से मांढरे की माता चौराहे तक ल्गभग 27 लाख से निर्मित होने वाली डामरीकरण नवनिर्मित रोड़ का भूमिपूजन किया।

इस भूमिपूजन कायक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुर्जर, अवधेश कौरव, सुरेश प्रजापति, विजय बहादुर त्यागी, प्रमोद जैन, दीनू कुशवाह, धर्मवीर जाटव, शरद यादव, अनूप शिवहरे, छोटु मंडेल्यिा, अंकित कठठ्ल, राजेन्द्र राठी, छोटू मंडेल्यिा, मयंक झॉ आदि कार्यकर्तागण उपस्तिथ रहे।

## विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया



ग्वाल्यिर। 16 ग्वाल्यिर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आज दिनांक 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिवस विधानसभा मे आने वाले सभी 19 वार्डो में मनाया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के ब%चों को पाठ्य सामग्री एवं मिष्ठान का वितरण सुबह 11:00 बजे निम्न स्थानों पर कॉग्रेस के बरिष्ठ अतिथियों एवं विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने अपने उध्बोदन में कहा कि 14 नबम्बर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का  जन्मदिवस है। जो बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होने कहा कि चाचा नेहरू ब%चों से बहुत प्रेम करते थे, वह कहते थे कि बच्चे देश का भविष्य है वह चाहते थे कि बच्चे पढ़ लिखकर बरिष्ठ अधिकारी बनें और अपने माता-पिता और अपने देश का नाम रोशन करे। वार्ड 18 में बीड़ी श्रमिक कॉलोनी वार्ड मुख्य अतिथि संजय सिंह राठौर, 19 में ग्राम जडेरुआ जाटव बस्ती मुख्य अतिथि बृजेन्द्र सिंह तोमर, वार्ड 20 में सिद्धेश्वर नगर नरेंद्र वर्मा की गली जीतू कुशवाहा का गार्डन मुख्य अतिथि जीतू कुशवाह, वार्ड 21 में सरकारी हॉस्पिटल ग्राउंड में मुख्य अतिथि चतुर्भुज धनोल्यिा, वार्ड 22 में गोपालपुरा मुख्य अतिथि डॉ. कमलेश इन्दोरिया, वार्ड 23 में कबीर आश्रम नदी पारटाल मुख्य अतिथि श्री अमर सिंह माहौर, वार्ड 24 में हनुमान मंदिर सुरेश नगर मुख्य अतिथि संतोष शर्मा, वार्ड 25 में लेदर फैक्ट्री पार्क में मुख्य अतिथि विनोद कंषाना, वार्ड 26 में गुरुद्वारा बाल्मिक बस्ती मुरार मुख्य अतिथि गोपील्ल भारती, वार्ड 27 में राम नगर ईदगाह के सामने मुरार मुख्य अतिथि विनोद जैन, वार्ड 28 में रविदास आश्रम रपट पुल के पास मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा समाधिया, वार्ड 29 में हनुमान मंदिर सी ब्लॉक कर्मचारी आवास मुख्य अतिथि सुरेन्द्र यादव, वार्ड 30 गांधी क्लब मुख्य अतिथि भीम यादव, वार्ड 45 कम्युनिटी जाटव मोहल्ला महाराज सिंह पटेल, वार्ड 56 शंकर चौक मुड़िया पहाड़ मुख्य अतिथि राकेश गुर्जर, वार्ड 57 मुख्य अतिथि अवधेश कौरव, वार्ड 58 निर्धन नगर मुख्य अतिथि राम पांडे, वार्ड 59 लभेड़पुरा बड़ा कुऑ मुख्य अतिथि प्रमोद जैन, वार्ड 60 शा.प्रा. विधाल्य मेहरागांव मुख्य अतिथि श्रीमती वीना भारद्वाज के द्वारा किया गया।

## विधान में चौथे दिन इंद्रा-इंद्राणियों ने मिलकर 64 अर्घ्य किये समर्पित



सिध्दचक्र विधान में संगीतमय भक्ति से सिद्धप्रभू को अर्ध्य च?ाए।


**सत्य का संबंध केवल बोलने से नहीं, व्यक्ति के आचरण से भी रहता है: मुनिश्री**

**मुनिश्री के सानिध्य जिनेंद्र भगवान को 64 महा अर्घ्य समर्पित किए।**

**ग्वालियर।** जीवन में व्यक्ति को मन, वचन और शरीर के द्वारा सत्य का आचरण करना चाहिए। सत्य का संबंध केवल बोलने से ही नहीं, व्यक्ति के आचरण से भी रहता है। जिसके मन में सत्य का वास होता है, उसका चारित्र अपने आप ही शुद्ध हो जाता है। आज के इस भौतिक एवं वैज्ञानिक युग में जीवन के सुख-साधन अवश्य ब? हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश सत्य से मानव की आस्था गिरी है। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्संत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज चौथे दिन रविवार को उपग्वालियर लोहमंडी लाल गोकुलचंद जैन मदिंर में अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विजयेश सागर महाराज मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज एवं ऐलक श्री विनियोग सागर भी मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति का ऐसा विश्वास बन गया है कि झूठ के बिना उसे जीवन के विपुल सुख-साधन तथा समृद्धि प्राप्त नहीं हो सकती, इसलिए छल-कपट और धोखाध?ी का आश्रय लेकर वह अपने अभीष्ट उद्देश्यों की पूर्ति में लगा रहता है। मुनिश्री ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसीलिए आज परेशानियां दिखाई देती हैं और सर्वत्र अन्याय तथा अनीति का वातावरण बना हुआ है। इस से एक नहीं, अपितु सारे दुखी हैं। मुनिश्री के चरणो में मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अभिलाश जैन, राहुल जैन, मनीष जैन, राकेश जैन, अलोक जैन, राजुल जैन श्रीफल भेंटकर आर्शीवाद लिया।

**इंद्रो ने सोने के कलशों भगवान का जलाभिषेक कर शांतिधार की**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन ने मंत्रउच्चारण के साथ सौधर्म इंद्रा पदमचंद हुकमचंद जैन प्रथम कलश से जिनेंद्र देव के ऊपर जलाभिषेक जयकारों के साथ किया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478